राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




11 टॉक्सिक रिश्तों का महिमामंडन नहीं...



पीएम मोदी की अपील का बड़ा... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 14 मई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 66, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### 2 भाइयों ने 30 लाख में डॉक्टर से खरीदा था पेपर, फिर देश में हुआ लीक, नीट पेपर लीक में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्थान के सीकर से जुड़े कथित नीट 2026 पेपर लीक मामले में जांच एजेंसियों को लगातार बड़े खुलासे मिल रहे हैं। जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड तक फैला हुआ था। आरोप है कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र लाखों रुपये में बेचे जा रहे थे। कई आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एजेंसियां अब पूरे सिंडिकेट की कड़ियों को जोड़ने में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार, गुरुग्राम के एक



डॉक्टर से जमवारामगढ़ निवासी दो भाइयों–मांगीलाल बिवाल और दिनेश बिवाल–ने 26 और 27 अप्रैल को कथित तौर पर करीब 30 लाख रुपये में हृश्वश्वञ्ज का पेपर खरीदा। जांच में दावा किया गया है कि दिनेश बिवाल ने यह पेपर अपने बेटे को दिया, जो सीकर में रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इसके बाद 29 अप्रैल को यही पेपर अन्य छात्रों और अभिभावकों तक पहुंचाया गया।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, दिनेश बिवाल के परिवार के चार बच्चों का पिछले वर्ष हृश्वश्वञ्ज में चयन हुआ था। पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि उन्हें करीब एक महीने पहले ही पेपर लीक होने की जानकारी मिल गई थी, जिसके आधार पर उन्होंने पहले से तैयारी कर ली थी।

मामले में देहरादून से गिरफ्तार आरोपी राकेश कुमार मंडवारिया को लेकर भी बड़ा खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों का दावा है कि राकेश ने करीब 700 छात्रों तक पेपर पहुंचाने का काम किया। बताया जा रहा है कि प्रश्नपत्र पहले डिजिटल माध्यम से साझा किया गया और बाद में उसका प्रिंट निकालकर बेचा गया। अब एजेंसियां उन छात्रों और अभिभावकों की पहचान कर रही हैं, जिन्होंने कथित तौर पर पैसे देकर पेपर हासिल किया था।

देशभर में मेडिकल और इंजीनियरिंग कोचिंग के बड़े केंद्र के रूप में पहचान रखने वाला सीकर भी जांच एजेंसियों के रडार पर है। जांच में सामने आया है कि कुछ छात्रों और कोचिंग संचालकों ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप बना रखे थे, जिनके जरिए कथित तौर पर प्रश्नपत्र और उत्तर साझा किए गए। एजेंसियां इन ग्रुप्स के एडमिन और सदस्यों की डिजिटल गतिविधियों की जांच कर रही हैं।

इस मामले में हरियाणा से यश यादव नामक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वह छात्रों को पेपर बेचने के नेटवर्क का हिस्सा था। पुलिस और जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि प्रश्नपत्र मूल स्रोत से कैसे लीक हुआ और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही।

मामला सामने आने के बाद छात्रों और अभिभावकों में भारी नाराजगी है। कई छात्र संगठनों ने परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं जांच एजेंसियों का कहना है कि पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए लगातार छापेमारी और पूछताछ जारी है।

### सोनिया गांधी गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती, छोटा ऑपरेशन हुआ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी (79) को बुधवार को दिल्ली से सटे गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हुई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी छोटी सी सर्जरी हुई है, जो सामान्य प्रक्रिया थी। उनकी हालत स्थिर है और



वे चिकित्सकीय निगरानी में हैं। सर्जरी के संबंध में तत्काल और अधिक जानकारी मेदांता अस्पताल के डॉक्टर और कांग्रेस की ओर से नहीं दी गई है। इससे पहले सोनिया 24 मार्च, 2026 की रात 10:22 बजे बुखार के चलते दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हुई थीं। अस्पताल के चेयरमैन डॉ अजय स्वरूप के अनुसार, डॉ डीएस राणा, डॉ एस नंदी और डॉ अरूप बसु की देखरेख में उन्हें एक सिस्टमिक इन्फेक्शन के लिए एंटीबायोटिक्स से इलाज दिया गया।

# अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव का निधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के निधन से राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार फेफड़ों

- फेफड़ों में ब्लड क्लॉट बनने से आया कार्डिएक अरेस्ट
- सपा विधायक ने उठाए सवाल, मौत की जांच कराने की मांग



में खून का थक्का (ब्लड क्लॉट) जमने के कारण उन्हें कार्डिएक अरेस्ट आया, जिसके चलते उनका निधन हो गया।

बताया जा रहा है कि प्रतीक यादव की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकीय सूत्रों के अनुसार फेफड़ों में ब्लड क्लॉट बनने की वजह से हार्ट पर दबाव बढ़ा और कार्डिएक अरेस्ट की स्थिति उत्पन्न हुई। वहीं समाजवादी पार्टी के एक विधायक ने इस मामले में मौत को संदिग्ध बताते हुए जांच कराने की मांग की है। विधायक का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकें। इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में चचाएं तेज हो गई हैं।

प्रतीक यादव के निधन की खबर मिलते ही समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। कई वरिष्ठ नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओं ने कहा कि यह यादव परिवार के लिए बेहद दुखद क्षति है। सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि संदेश साझा किए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### प्रतीक यादव के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक, परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**लखनऊ (आरएनएस )।** मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सामाजिक माध्यम एक्स पर शोक संदेश साझा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर्गीय मुलायम सिंह के पुत्र तथा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का आकस्मिक निधन अत्यंत दुःखद है।



## सरकार का ऐलान, महिलाओं को मिलेंगे 3000 रुपये, एक जून को बैंक खाते में आएंगे पैसे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार ने अपने पहले ही दिन बड़े फैसलों का ऐलान कर राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई में हुई पहली कैबिनेट बैठक में

- बताया जा रहा है कि यह योजना पिछली सरकार की 'लक्ष्मी भंडार योजना का विस्तारित और संशोधित रूप होगी

महिलाओं को केंद्र में रखते हुए कई अहम घोषणाएं की गईं। सरकार ने साफ संकेत दिया है कि उसका फोकस महिला सशक्तिकरण और सीधे आर्थिक सहायता पर रहेगा।

नबन्ना सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक के बाद सरकार ने घोषणा की कि 1 जून से राज्य की पात्र महिलाओं को 'अन्नपूर्णा भंडार योजना के



तहत हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। नई सरकार ने इसे महिलाओं की आर्थिक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम बताया है। खास बात यह है कि यह योजना पिछली सरकार की 'लक्ष्मी भंडारइ योजना का ही एक बड़ा और बेहतर रूप है। जहां पहले महिलाओं को 1,000 या 1,200 रुपये के आसपास मिलते थे, वहीं अब बीजेपी सरकार के वादे के मुताबिक, इसे बढ़ाकर सीधा 3,000 रुपये कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह योजना पिछली सरकार की 'लक्ष्मी भंडार योजना का विस्तारित और संशोधित रूप होगी। पहले जहां महिलाओं को सीमित आर्थिक सहायता मिलती थी, वहीं अब राशि बढ़ाकर सीधे 3,000 रुपये कर दी गई है। सरकार के मुताबिक जो महिलाएं पहले से लक्ष्मी भंडार योजना का लाभ ले रही थीं, उन्हें दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। पुराने लाभार्थियों को स्वतः नई योजना में शामिल किया जाएगा।

सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की भी घोषणा की है। 1 जून से राज्य परिवहन की सरकारी बसों में महिलाओं को बिना किराए सफर करने की सुविधा मिलेगी। सरकार का कहना है कि इससे कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और ग्रामीण इलाकों से आने-जाने वाली महिलाओं को आर्थिक राहत मिलेगी।

## युद्ध संकट के बीच पीएम मोदी का मास्टरस्ट्रोक, ऊर्जा संकट दूर करने के लिए 5 देशों के अहम दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ईरान और अमेरिका के बीच गहराते युद्ध के संकट और कच्चे तेल की बढ़ती किल्लत की आशंकाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही पांच देशों के बेहद अहम दौरे पर जाने वाले हैं। बीते दिनों पीएम मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील के बाद इस दौरे को भारत की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए एक बड़ा 'गेम चेंजर माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इस बहुप्रतीक्षित यात्रा की विस्तृत जानकारी दी है।



उन्होंने बताया कि मौजूदा वैश्विक हालातों को देखते हुए भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए नए मजबूत साझेदारों की तलाश में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के इस पांच देशों के दौरे का पहला और सबसे अहम पड़ाव संयुक्त अरब अमीरात होगा।

भारत और यूएई के बीच पहले से ही कई स्तरों पर बेहद मजबूत और रणनीतिक संबंध हैं, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा एक बहुत बड़ा हिस्सा है। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान खास तौर पर ऊर्जा जरूरतों, तेल की निर्बाध आपूर्ति और दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश को नई ऊंचाई पर ले जाने को लेकर अहम चर्चा होगी। इसके अलावा यूएई में रहने वाले लाखों प्रवासी भारतीयों के हितों और उनके योगदान पर भी विशेष तौर पर बात की जाएगी।

## जश्न मनाती छात्राए



नई दिल्ली के मंदिर मार्ग स्थित सेंट थॉमस स्कूल में घोषित सीबीएसई कक्षा 12वीं के नतीजों का जश्न मनाती छात्राएं।

## सरकार का एक फैसला और झटके में सोना 11000 रुपये महंगा, चांदी भी 3 लाख पार, जानें क्या हैं नए दाम

**नई दिल्ली ।** सोना और चांदी की कीमतों में बुधवार को बड़ा उछाल देखने को मिला। केंद्र सरकार द्वारा कीमती धातुओं पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के फैसले के बाद मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दोनों धातुओं के भाव में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोना 11 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक महंगा हो गया, जबकि चांदी की कीमत 3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई।

सरकार ने सोना, चांदी और अन्य कीमती धातुओं पर इंपोर्ट ड्यूटी को 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इस फैसले का सीधा असर कमोडिटी बाजार में देखने को मिला।

एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोना मंगलवार को 1,53,442 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को कारोबार शुरू होते ही इसका भाव बढ़कर 1,64,497 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इस तरह सोने की कीमत में करीब 11,055 रुपये यानी लगभग 7 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

वहीं, चांदी की कीमतों में भी जोरदार उछाल आया। चांदी मंगलवार को 2,79,062 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, लेकिन बुधवार को बाजार खुलते ही इसका भाव बढ़कर 3,01,429 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया। यानी चांदी एक झटके में 22,367 रुपये महंगी हो गई।

हालांकि, मौजूदा भाव अब भी अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे हैं। सोने का लाइफटाइम हाई 2,02,984 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा है, जिससे मौजूदा कीमत करीब 38,487 रुपये कम है। वहीं चांदी का रिकॉर्ड हाई 4,57,328 रुपये प्रति किलोग्राम है और मौजूदा भाव इससे करीब 1,55,899 रुपये नीचे है।

## मशहूर अभिनेता-निर्माता दिलीप राज का हार्ट अटैक से निधन, 47 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**मुंबई (आरएनएस)।** कन्नड़ फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। लोकप्रिय अभिनेता और निमार्ता दिलीप राज का निधन हो गया है। उन्होंने 47 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। इस खबर के बाद से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि बुधवार तड़के दिलीप राज की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में बेंगलुरु के कुमारस्वामी लेआउट इलाके स्थित अपोलो अस्पताल ले जाया गया। तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। अस्पताल पहुंचने के कुछ ही समय बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जानकारी के अनुसार, उनकी मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई है। दिलीप राज के निधन की खबर सामने आते ही कन्नड़ फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर फैंस लगातार दुख जाहिर कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इंडस्ट्री ने एक बेहद प्रतिभाशाली कलाकार को खो दिया है। कई कलाकारों ने उन्हें मेहनती, विनम्र और नेकदिल इंसान बताया।



दिलीप राज का जन्म 2 सितंबर 1978 को बेंगलुरु में हुआ था। बचपन से ही उनका झुकाव कला और मनोरंजन की दुनिया की तरफ था। कॉलेज के दिनों में उन्होंने थिएटर किया और अभिनय की बारीकियां सीखीं। थिएटर में अपनी पहचान बनाने के बाद दिलीप राज ने टेलीविजन इंडस्ट्री की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने छोटे पर्दे से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। शुरूआत में उन्होंने कई कन्नड़ सीरियल्स में काम किया और धीरे-धीरे दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गए। 'कंबडा माने, 'जननी, 'अर्ध सत्य, 'रंगोली, 'मांगल्या और 'कुमकुम भाग्य जैसे सीरियल्स ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद दिलीप राज ने फिल्मों की दुनिया में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

उन्होंने साल 2005 में रिलीज हुई 'ब्वॉयफ्रेंड से फिल्मी करियर की शुरूआत की। हालांकि, उन्हें असली पहचान साल 2007 में आई 'मिलनइ से मिली। इस फिल्म में उन्होंने खलनायक की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके किरदार ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी और वह कन्नड़ इंडस्ट्री के चर्चित कलाकारों में शामिल हो गए। इसके अलावा, उन्होंने 'यू-टर्न, '7 ओ क्लॉकइ और 'लव मॉकटेल 3इ जैसी फिल्मों में भी शानदार अभिनय किया।

अभिनय के अलावा दिलीप राज ने निमार्ता के तौर पर भी अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस डीआर क्रिएशंस के जरिए कई टीवी शोज बनाए। 'हिटलर कल्याणाइ धारावाहिक से उन्हें बतौर निमार्ता और अभिनेता दोनों रूपों में बड़ी सफलता मिली। यह शो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ था।

**बड़ा संदेश** | संसाधन बचत का दिया बड़ा संदेश

## पीएम मोदी ने पेश की मिसाल, अपने काफिले का आकार घटाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर सादगी, प्रशासनिक दक्षता और संसाधनों के संतुलित उपयोग का संदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी ने अपने हालिया घरेलू दौरों के दौरान काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम कर दी है। खास बात यह रही कि इस बदलाव में सुरक्षा मानकों से किसी तरह का समझौता नहीं किया गया। सूत्रों के मुताबिक, वडोदरा और गुवाहाटी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के काफिले में पहले की तुलना में कम वाहन शामिल किए गए। हालांकि, स्क्वत्र के सभी जरूरी सुरक्षा प्रोटोकॉल पूरी तरह लागू रहे। सुरक्षा से जुड़े आवश्यक वाहन यथावत रखे गए, जबकि गैरजरूरी गाड़ियों की संख्या सीमित कर दी गई।

**खुद उदाहरण पेश कर दिया बड़ा संदेश**

यह फैसला हैदराबाद में प्रधानमंत्री के संबोधन के तुरंत बाद सामने आया। इसे प्रशासनिक दक्षता, ट्रैफिक प्रबंधन और आम लोगों की सुविधा से जोड़कर देखा जा रहा है। अक्सर मूवमेंट के दौरान लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। ऐसे में पीएम मोदी ने खुद काफिला छोटा कर ईंधन बचत और सादगी का संदेश देने की कोशिश की है।

**सरकारी खर्च और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर**



प्रधानमंत्री के इस कदम की राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। यूपी और एमपी समेत कई राज्यों में मुख्यमंत्री और मंत्रियों को भी काफिले का आकार सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि इससे सरकारी संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल और अनावश्यक खर्च में कमी लाने का संदेश जाएगा।

**हैदराबाद भाषण में की थी बचत की अपील**

हाल ही में हैदराबाद में दिए गए संबोधन में पीएम मोदी ने लोगों से विदेशी मुद्रा और ईंधन बचाने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि लोग अगले एक साल तक सोना खरीदने से बचें।

साथ ही, कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन मीटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने पर भी जोर दिया था। पीएम मोदी ने कहा था कि दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, इसलिए ईंधन की बचत बेहद जरूरी है।

# लाडले मुकंद लाल जी का 12वां जन्मोत्सव धूमधाम से आज मनाया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** श्री कृष्णा राणी सती ट्रस्ट शिकारपुर के द्वारा पावन स्थल श्री कृष्णा धाम शिकारपुर में 14 मई को लाडले मुकंद लाल जी का 12वां जन्मोत्सव एवं सिंधु कुंभ मशन बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।
कार्यक्रम में अनंत श्रीविभूषित स्वामी जी महानंद ब्रह्मचारी महाराज शुभ आशीर्वाद देंगे। भजन गायक कुंज बिहारी दास जी वृंदावन वाले द्वारा सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर इंद्रेश कुमार होंगे। कार्यक्रम 14 मई को प्रातः 9:00 बजे अभिषेक ,व हरि इच्छा तक, दोपहर 12:00 बजे से भंडारी प्रसादी का वितरण किया जाएगा। संकीर्तन 12 बजे से 3:00 बजे तक, मुख्य अतिथि का उद्बोधन दोपहर 2:30 बजे होगा। कार्यक्रम के आयोजको ने अपने सभी भक्तगणों से प्रार्थना है कि उत्सव में पहुंचकर लड्डू गोपाल का आशीर्वाद प्राप्त करें। यह जानकारी संजय शुक्ला ने दी है।

# आदित्य गर्ग एवं वैष्णवी ने किया गुलावठी टॉप, विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी ।** प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गुलावठी (बुलंदशहर) के मेधावी छात्र आदित्य गर्ग एवं वैष्णवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुलावठी क्षेत्र में 96.6% लाकर शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।वहीं रिया ने 94.8%,खुशी गुप्ता 93.6%,कशिश 91.4%, नैंसी 88%, प्रथम 87.2% पलक 87% अंक प्राप्त किये।दोनों विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व का अवसर प्रदान किया है।
विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय सदैव से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध







रहा है, जिसका परिणाम इस प्रकार की उपलब्धियों के रूप में सामने आता है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन वी.के. अग्रवाल, स्कूल डायरेक्टर मयंक अग्रवाल स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर शुभम अग्रवाल एवं स्कूल प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा ने दोनों टॉपर्स को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय परिवार एवं समस्त स्टाफ ने भी इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगर के रघुवर दयाल प्रभु दयाल पब्लिक स्कूल के सीबीएसई 12वी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम जैसे ही घोषित हुआ ,वैसे ही विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर के रघुवर दयाल प्रभु दयाल पब्लिक स्कूल जहांगीराबाद के



सीबीएसई 12वी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम जैसे ही घोषित हुआ ,वैसे ही विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्कूल के अभिनव गर्ग ने (विज्ञान वर्ग, मैथ) में 95.4% अंक प्राप्त करके स्कूल टॉप किया, वही लव कुमार ने (विज्ञान वर्ग, मैथ) में 86.2 प्रतिशत, नीरव सैनी ने (विज्ञान वर्ग,मैथ ) में 85.2 प्रतिशत तथा चेतन कुमार ने (विज्ञान वर्ग बायोलॉजी) में 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल के साथ-साथ नगर का नाम भी रोशन किया है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अध्यापकों और अभिभावकों को दिया है। प्रत्येक विद्यार्थी का सपना अपनी मेहनत के बल पर देश के उच्च पदों पर विराजमान होना है। स्कूल प्रबंधक गिरीश गर्ग, निदेशक शरद अग्रवाल, संयोजक कुलदीप गर्ग, प्रधानाचार्य सुंदर सिंह तोमर और कॉर्डिनेटर सरिता चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल के सभी प्राध्यापकों ने उनकी प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया।

# जिला कारागार के बंदियों को डीएलएसए द्वारा दी जाएगी विधिक सहायता : शैलेंद्र कुमार नमिता अधिवक्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश विधिक सेवा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुलंदशहर द्वारा जिला

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन**

कारागार में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बंदियों को अनेक योजनाओं के बारे में अवगत कराया एवं योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। गरीब बंदियों को






अपने वाद के निस्तारण हेतु दिए जाएंगे नामित अधिवक्ता जिससे उन्हें मिल सकेगी निशुल्क विधिक सहायता। जिला कारागार में बंदियों को साक्षर बनाने के लिए संबंधित कक्षाओं में कराया जाएगा प्रवेश एवं परीक्षाओं में कराया जाएगा सम्मिलित जिससे वह परीक्षा उत्तीण कर अपनी पढ़ाई को कर सकेंगे पूरा। जिला कारागार में स्वास्थ्य संबंधी सभी बीमारियों से निजात दिलाने हेतु अस्पताल में मिलेगी उचित सुविधा एवं खाने-पीने के लिए कैंटीन में होगी सभी खदान उपलब्ध एवं रहने के लिए होगी उचित व्यवस्था। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नामित अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार एडवोकेट, जेल विजिटर विजय कुमार एडवोकेट ,सत्य प्रकाश शर्मा एडवोकेट, जितेंद्र कुमार एडवोकेट, हेमलता एडवोकेट एवं अन्य द्वारा अपने विचार रखे और बंदियां को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जा रही योजनाओं के लाभ हेतु जागरूक किया। शिविर में जिला कारागार के अनेक बंदी उपस्थित रहे।

**आर के पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ आयोजन**

# टैक्नोलॉजी विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीपांशी अव्वल, अयान दूसरे व महक तीसरे पायदान पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** आर के पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को कक्षा ग्यारह व बारहवीं के छात्र छात्राओं के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी मौहम्मद असलम खान ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। स्कूली बच्चों ने अतिथियों का स्वागत गान करते हुए भावुक सत्कार किया। प्रबंधक शाहिद अली व प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया। बतौर मुख्य अतिथि बच्चों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मौहम्मद असलम खान ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि और तर्क शक्ति का विकास होता है। उनमें सार्वजनिक मंच पर एक वक्ता के रूप में अपनी बात कहने का साहस पैदा होता है। टैक्नोलॉजी विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सारगर्भित विचार रखे। निर्णायक मंडल ने अंकों के आधार पर कक्षा बारहवीं की छात्रा दीपांशी को प्रथम, कक्षा ग्यारह के छात्र अयान खान को द्वितीय तथा कक्षा बारहवीं की छात्रा महक को तृतीय घोषित किया। विजेता मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन उप निरीक्षक खुश्बू राजपूत ने किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।




# मानवी शर्मा ने किया नेशन पब्लिक स्कूल टाप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा बारह का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। नेशन पब्लिक स्कूल की छात्रा मानवी शर्मा ने 94.4%अंक प्राप्त कर विद्यालय टाप किया। खुश्बू ने 93.4% व

**सीबीएसई इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में पाये 94.4%अंक विद्यालय का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत**

साक्षी ने 88,%अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।
सीबीएसई इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम के अनुसार नेशन पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।
बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया और सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षकों के मार्ग दर्शन और अभिभावकों के सहयोग को सार्थक कर दिखाया।
प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एडवोकेट तथा प्रधानाचार्या प्रिया अग्रवाल ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत लगन शिक्षकों की सतत प्रतिबद्धता एवं अभिभावकों से मिले भरपूर सहयोग की सराहना की। उन्होने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किए जाने की भी घोषणा की ।




# शत प्रतिशत रहा मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा फल, कक्षा 12. सीबीएसई परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर भावना सिंह व प्रियांशी गुप्ता प्रथम रही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सीबीएसई द्वारा बुधवार को कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल शिकारपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्रा में खुशी की लहर दौड़ गई।विद्यालय के प्रबंधक कपिल कुमार सिंघल ने बताया कि विद्यालय में भावना सिंह भावना सिंह एवं प्रियांशी गुप्ता नहीं 95% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही यश कुमार एवं अभिनव 94 प्रतिशत



अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। दिव्या सिंह ने 93'60 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कुल 109 विद्यार्थी ने परीक्षा में भाग लिया। जिसमें से 95% छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के समर्पण एवं विभागों के सहयोग का प्रतिफल है।

# भाजपा नेता नितेश राणे के बयान पर कार्रवाई की मांग,राष्ट्रपति व चुनाव आयोग को भेजा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** नितेश राणे के कथित विवादित बयान के विरोध में (एआईएमआईएम) बुलंदशहर इकाई ने राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। जिलाध्यक्ष मासूम अली ने बताया कि भाजपा नेता नितेश राणे ने एआईएमआईएम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राणे ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असासुद्दीन ओवैसी की तुलना आतंकी ओसामा बिन लादेन से की तथा मदरसों को आतंकवाद का केंद्र बताने जैसा बयान दिया, जिससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। मासूम अली ने कहा कि एआईएमआईएम भारतीय चुनाव आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दल है और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष संसद सदस्य हैं। ऐसे में किसी मंत्री द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी करना संविधान की भावना और चुनाव आयोग की गाइडलाइन के विरुद्ध है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मंत्री नितेश राणे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी सदस्यता समाप्त की जाए तथा उनके खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए।
इस दौरान अय्यूब भाई, कादिर राणा, सरवर अली, दानिश कुरैशी, हसरत चौधरी, अशफाक दानिश, सरताज अली, हाफिज सादिक, आसिफ सैफी, आरिफ सिद्दीकी, अब्दुल जब्बार, नईम अख्तर, अफजल अहमद, सैफ चौधरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 12वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता रिपोर्ट दर्ज, पीड़ित मां की तहरीर आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जीराजपुर से 12वीं का छात्र हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में हुआ लापता। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा पत्नी धर्मेंद्र कुमार निवासी नगरिया थाना जेवर जनपद गौतम बुद्ध नगर हाल निवासी जीराजपुर जो कि अपने मायके में 5 वर्ष से अपने पुत्र सागर के साथ रह रही थी ।जिसका पुत्र दलेलगढ़ी इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र है जो कि मंगलवार को अपने घर से करीब 9:00 बजे अहमदगढ़ किताब लेने के लिए कह कर गया था ।जो कि अपने घर वापस नहीं पहुंचा। तो परिजनों ने सागर की तलाश रिश्तेदारियों में की गई। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका ।उधर पीड़ित मां पूजा पत्नी धर्मेंद्र कुमार ने तहरीर देकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। वही पुलिस से पीड़ित मां ने जल्द बरामद करने की गुहार लगाई है। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक वीडी गंगवार ने बताया है कि पीड़ित मां की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



**अवैध कब्जे** | **चर्चा मोटी रकम की जंजीरों में जकड़ा बुलडोजर का पहिया**

# अवैध कब्जे ज्यों के त्यों नगर पंचायत औरंगाबाद में बुलडोजर के पहिए क्यों हुए जाम ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद ।** नगर पंचायत औरंगाबाद में गाटा संख्या 1758 में अवैध कब्जे दारों को अंतिम चेतावनी के रूप में नोटिस तामील फिर चस्पा और लाल निशान लगवाकर चिन्हित कर 13 मई को अवैध कब्जे खुद हटाने का ऐलान अमल में नहीं आ सका। अवैध कब्जों को ढहाने के लिए तैयार बुल्डोजर कहां नदारत हो गया यह नगर पंचायत के सर्वेसवाओं को पता है या फिर राजस्व विभाग के आला अधिकारियों को। बहरहाल 13 मई को अवैध कब्जे हटाने का ऐलान टायं टायं फिस्स होकर रह गया।
जनपद बुलंदशहर में एक नगर पंचायत ऐसी भी है? जहां सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे हटाने के लिए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश भी रद्दी की टोकरी में डाल दिए जाते हैं और तमाम कयावदों के बाबजूद अवैध कब्जे बरकरार रहते पूरी शान से तमाम सरकारी व्यवस्था, न्यायालय और शासन प्रशासन को ठेंगा दिखाते नजर आते हैं।
मामला जहांगीराबाद रोड स्थित गाटा संख्या 1758 का है। इस गाटा संख्या में दबंगों ने दबंगई के बल पर सरकारी जमीन पर कब्जा जमा लिया। शिकायत जन हित याचिका के माध्यम से उच्च न्यायालय में न्यायालय के निर्देश पर राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीमों ने तीन फरवरी 26 को पैमाइश कर अवैध कब्जे चिन्हित कर सरकारी जमीन पर पुलिस की मौजूदगी में पिलर लगवा दिए। पिलर लगवाये जाने के समय कुछ अवैध कब्जे दारों ने बाधा डालने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले मामला दर्ज कर लिया। नगर पंचायत की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया।कानूनी प्रक्रिया पूरी करने की गरज से नोटिसों का सिलसिला शुरू हुआ। तीन नोटिस लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को जारी कर अपने अवैध कब्जे हटाने के लिए अनुरोध किया गया लेकिन नतीजा सिफर रहा। इसी दौरान कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए 3फरवरी को लगवाये गये पिलरों को ट्रैक्टर चलवा कर तहस नहस कर अपने बुलंद होंसलों का परिचय दिया लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। अंतिम नोटिस तामील कराये गये फिर नोटिस चस्पा किए गए। उसके बाद लाल निशान लगवाकर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे चिन्हित कर अवैध कब्जे दारों को अंतिम रूप से 13 मई यानी बुधवार को नगर पंचायत का बुलडोजर चलवाकर अवैध कब्जे ध्वस्त कराये जाने का ऐलान किया गया। लेकिन बुधवार को बुलडोजर अचानक गायब हो गया और अवैध कब्जे यथावत बरकरार रहे।
चर्चाओ का बाजार गर्म है। चर्चा तो यहां तक है कि मोटी रकम वसूल कर मामला रफा-दफा कर दिया गया है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश भी बेमानी होकर रह गये। अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर का कहना है कि अवैध कब्जे की हद में ईंट भट्टा भी है। तकनीकी कारणों से फिलहाल अवैध कब्जे दारों को डेढ़ दो माह का समय और दिया गया है।



# राजकुमार भाटी के विरोध में बड़ा ऐलान, पुतला दहन और आंदोलन की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष Chaudhary Mangeram Tyagi ने राजकुमार भाटी के खिलाफ नाराजगी जताते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राजकुमार भाटी का पुतला फूंका जाएगा और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को मामले में संज्ञान लेने के लिए 8 दिन का समय दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्राह्मण और गुर्जर समाज की एकता को खराब नहीं होने दिया जाएगा। बयान के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।



# सीबीएसई रिजल्ट में वेंकटेश्वरा स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी, सूर्याश द्विवेदी ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए, स्कूल प्रबंधन ने दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा बुधवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। अच्छे अंक आने पर स्कूल में खुशी का माहौल रहा। ह्यूमैनिटीज वर्ग में सूर्याश द्विवेदी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं साइंस वर्ग में प्रिशा सोम ने 94.5 प्रतिशत और गतिका त्यागी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी 75 से 85 प्रतिशत के बीच अंक हासिल कर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया।विद्यालय की चेयरपर्सन अंजुल गिरि और प्रधानाचार्या संजया वालिया ने सभी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




चेयरपर्सन अंजुल गिरि ने कहा कि वेंकटेश्वरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के द्वार सभी विद्यार्थियों के लिए हमेशा खुले रहेंगे।

# अग्निशमन विभाग का बड़ा अभियानः झुग्गी-झोपड़ियों से हाईराइज सोसाइटी तक मॉक ड्रिल और जागरूकता अभियान तेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कमिश्नरेट अग्निशमन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम और मॉक ड्रिल आयोजित की गई। अभियान के दौरान एक ओर झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को आग से बचाव की जानकारी दी गई, वहीं दूसरी ओर हाईराइज सोसाइटियों, स्कूलों और औद्योगिक इकाइयों में फायर मॉक ड्रिल कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा स्कीम-15 के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में जनपद के पांच झुग्गी-झोपड़ी स्थलों पर पहुंचकर करीब 170 लोगों को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, गैस सिलेंडर व विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग की जानकारी दी गई। लोगों को सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर विभाग को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। वहीं, 01 मई से संचालित विशेष अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत इंदिरापुरम, वसुंधरा, ट्रॉनिका सिटी, दुहाई और मुरादनगर स्थित हाईराइज भवनों, फैक्ट्रियों और स्कूलों में मॉक ड्रिल आयोजित कर फायर रिस्क निरीक्षण किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने निकास मार्गों, फायर सिस्टम और सुरक्षा उपकरणों की जांच की तथा लोगों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी और अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया।निरीक्षण के दौरान जिन भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में खामियां मिलीं, उन्हें सुधार के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही भवन स्वामियों को निर्देश दिए गए हैं कि अग्निशमन प्रणालियों को हमेशा कार्यशील अवस्था में रखें और निकास मार्गों को अवरोध मुक्त बनाए रखें।अग्निशमन विभाग का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य आम जनता को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक कर जन-धन की हानि को रोकना और शहर में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है।







# नाला सफाई पर उठे सवाल,तीन बार टेंडर देने के बाद भ्रष्टाचार का आलम बरकरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। वार्ड नंबर 27 स्थित बड़े नाले की सफाई को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले तीन वर्षों में इस नाले की सफाई के लिए तीन बार टेंडर पास किए गए, लेकिन आज भी नाले की स्थिति जस की तस बनी हुई है।







बताया जा रहा है कि डॉक्टर बब्बन के पास मस्जिद के सामने से लेकर ट्रांसपोर्ट पुलिया और ए.बी.एस. क्षेत्र तक नाले की सफाई कराई गई, लेकिन केवल ऊपर-ऊपर से सफाई कर खानापूर्ति कर दी गई। नाले की तली में जमी कीचड़, मिट्टी और मलबा आज भी जस का तस पड़ा हुआ है। इसके अलावा नाले के ऊपर स्थानीय स्तर पर अतिक्रमण भी हो चुका है, जिससे जल निकासी की समस्या और गंभीर हो गई है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार बारिश या नाले का पानी बढ़ने पर गंदा पानी बैक सेन विहार कॉलोनी तक पहुंच जाता है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू, मच्छरों और गंदगी के कारण क्षेत्र में बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी इस समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। वार्ड 27 के पार्षद नरेश जाटव द्वारा भी कई बार नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। स्थानीय जनता का सवाल है कि जब सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, तो आखिर नाले की वास्तविक सफाई क्यों नहीं हुई।

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के उच्च अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी कर्मचारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# समस्याओं का समाधान नहीं तो फिर करेंगे,भूख हड़ताल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुध नगर के सूरजपुर स्थित जिला मुख्यालय प्रांगण में 11 मई से भूजल दोहन, नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री, प्राइवेट स्कूलों एवं अस्पतालों की लूट तथा किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय द्वारा की गई। भूख हड़ताल के दौरान प्रशासन ने चौधरी प्रवीण भारतीय, प्रेमराज भाटी राकेश नागर व पवन यादव को जेल भेज दिया था। बेशर्त रिहाई के बाद आज करप्शन फ्री इंडिया संगठन का प्रति निधिमंडल संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय एवं आलोक नागर के नेतृत्व में जिलाधिकारी मेधा रूपम से मिला। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक सदस्य आलोक नागर ने कहा कि सभी जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर मूलभूत मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।



संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो करप्शन फ्री इंडिया संगठन एक बार फिर जिलाधिकारी कार्यालय पर भूख हड़ताल एवं जेल भरो आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।इस दौरान- आलोक नागर बलराज हूंण ब्रह्मपाल कपासिया एडवोकेट अनिल भाटी धर्मेंद्र भाटी जितेंद्र कुमार सतीश खटाना विजय प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने मनाई ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** प्रहलाद स्वरूप सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज, जहांगीराबाद में "ऑपरेशन सिंदूर" की प्रथम वर्षगांठ एनसीसी कैडेट्स द्वारा देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व सूबेदार थान सिंह, सूबेदार मांगेलाल हवलदार के. डी. शर्मा, अनिल कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट (बुलंदशहर) तथा कुसुम सैनी, कमपनी कमांडर उपस्थित रहे इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर देशभक्ति नारों एवं गीतों से गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर कैडेट्स ने देश की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए समर्पण का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को देशहित में सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी।



कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई। एनसीसी अधिकारियों ने कैडेट्स के उत्साह एवं अनुशासन की सराहना की।

अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# खेत की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव सहसपुरा में खेत की पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त करने को लेकर विवाद सामने आया है। पीड़ित अली नवाज निवासी गांव वैट ने थाना सिंभावली में तहरीर देकर पड़ोसी खेत मालिक पर ट्रैक्टर से पाइपलाइन तोड़ने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने तहरीर में उल्लेख किया है कि खसरा संख्या 51 सहसपुर में स्थित खेत में लगी पानी की पाइपलाइन को पड़ोसी खेत मालिक ने ट्रैक्टर चलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे नुकसान हुआ। घटना के बाद पीड़ित ने 112 आपातकालीन सेवा पर सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया।

पीड़ित ने थाने में तहरीर देते हुए रिपोर्ट





दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

# 12 घंटे में ट्रोनिका सिटी पुलिस ने शामली से सकुशल बरामद किए दो मासूम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने एक बार फिर अपनी सतर्कता, तेज कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता का शानदार उदाहरण पेश किया है। गुलमोहर सोसायटी से लापता हुए दो मासूम बच्चों को पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर जनपद शामली से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



बच्चों के सुरक्षित लौटते ही परिवारों में खुशी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार 11 मई 2026 को थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र स्थित गुलमोहर सोसायटी से 12 और 13 वर्षीय दो बालक दोपहर करीब 2 बजे खेलते-खेलते अचानक लापता हो गए थे। काफी देर तक तलाश करने के बावजूद जब बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला तो चिंतित परिजनों ने थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए सर्विलांस, तकनीकी सहायता और स्थानीय इनपुट के आधार पर सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों को जनपद शामली से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे दोनों दोस्त हैं और बिना बताए घूमने के इरादे से बस में बैठकर शामली पहुंच गए थे। वहां से आगे ट्रेन द्वारा सहारनपुर जाने की योजना थी, लेकिन उससे पहले ही ट्रोनिका सिटी पुलिस ने उन्हें ढूंढ निकाला। बच्चों की सुरक्षित बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए उनकी त्वरित कार्रवाई की जमकर सराहना की।थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस की यह कार्रवाई सिर्फ एक सफल बरामदगी नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि गाजियाबाद पुलिस हर चुनौती में जनता के साथ खड़ी है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

# आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज में 10वें कम्प्रेहैन्सिव इम्प्लांट कोर्स के चौथे मॉड्यूल का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज 10वें कॉम्प्रेहेन्सिव ओरल इंप्लांटोलॉजी कोर्स के चौथे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। यह कोर्स जी.एम.आई. इम्प्लांट्स, बार्सिलोना, स्पेन के सहयोग से संचालित हुआ। यह कार्यक्रम आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी में नवीनतम क्लीनिकल



तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे मरीजों के लापता दांतों को इम्प्लांट्स के जरिए लगा सके और मरीजों को समग्र उपचार प्रदान कर सकें। कार्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ. हर्ष जैन ने सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान की। जिसमें विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, ऑल-ऑन-4, ऑल-ऑन-6 एवं जायगोमेटिक इम्प्लांट की प्रक्रिया, इम्प्लांट डेन्टिस्ट्री में पीजो की भूमिका, पोस्थेटिक इम्प्लांट कॉम्पलीकेशन, ग्राफ्ट बनाम ग्राफ्टलेस प्रक्रिया, बेसल इम्प्लांटस तथा साइनस औगमेंटेशन टैक्नीक जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समग्र रूप से यह मॉड्यूल प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ, जिसमें उन्हें इम्प्लांट डेंटिस्ट्री के सर्जिकल एवं प्रोस्थेटिक दोनों पहलुओं का समन्वित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम समापन समारोह में आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रबूपुरा में जूनियर विंग एनसीसी भर्ती संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा ।** स्थानीय सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रबूपुरा में जूनियर विंग एनसीसी भर्ती का आयोजन उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। भर्ती प्रक्रिया में लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 40 बटालियन एनसीसी से आए सूबेदार सुल्तान सिंह एवं हवलदार राजेंद्र जी की देखरेख में दौड़ एवं अन्य परीक्षण आयोजित किए गए, जिनके आधार पर 25 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

भर्ती प्रक्रिया का संचालन विद्यालय के एनसीसी अधिकारी घासीराम लोधी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया। उनके मार्गदर्शन में पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी एवं अनुशासित रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार शर्मा ने चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एनसीसी छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।



# मेरठ तिराहे सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मेरठ तिराहा के निकट मंगलवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 13 मई 2026 को रात्रि लगभग 1 बजे पीआरवी को सूचना मिली कि मेरठ तिराहे के पास एक बाइक दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी मेरठ तिराहा पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।











घटना सिहानी गेट थाना क्षेत्र की है, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया, लेकिन चिकित्सकों ने

पुलिस ने देखा कि दोनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े हुए थे। इसके बाद बिना देरी किए उन्हें एमएमजी अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। घटना के बाद मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने वीडियो बाइट जारी कर घटना की पुष्टि की ।

## शर्मनाक — पेपर लीक माफियाओं पर हो सर्जिकल स्ट्राइक - आईपीए

# नीट 2026 पेपर लीक ने तोड़े 22 लाख छात्रों के सपने

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आईपीए की सरकार से अपील : एनटीए को तत्काल प्रभाव से भंग कर एक नई, पारदर्शी और जवाबदेह एजेंसी का हो गठन 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने दिन-रात मेहनत करके डॉक्टर बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए नीट 2026 की परीक्षा दी थी। किसी ने कोचिंग के लिए अपने माता-पिता की जीवनभर की जमा पूंजी लगाई, तो किसी परिवार ने बच्चों के भविष्य के लिए अपनी जमीन और घर तक बेच दिए। लेकिन यह अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्ष 2024 की तरह इस बार भी पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। यह केवल एक परीक्षा रद्द नहीं हुई है, बल्कि लाखों मेहनती छात्रों के सपनों, संघर्षों और मानसिक संतुलन पर सीधा हमला हुआ है। नीट की परीक्षा देने वाले लाखों छात्र आज सरकार और व्यवस्था से सवाल पूछ रहे है कि







क्या मेहनत करने वालों का कोई मूल्य नहीं? क्या हर साल छात्रों का भविष्य शिक्षा माफियाओं और भ्रष्ट व्यवस्था के हवाले किया जाता रहेगा? बार-बार होने वाली पेपर लीक की घटनाओं ने एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब कोई संस्था निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा कराने में लगातार विफल साबित हो रही हो, तो उसे बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचता। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने मांग की है कि एनटीए को तत्काल प्रभाव से भंग कर एक नई, पारदर्शी और जवाबदेह एजेंसी को परीक्षा कराने की जिम्मेदारी सौंपी जाए। साथ ही पेपर लीक में शामिल प्रत्येक व्यक्ति और गिरोह पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी छात्रों के सपनों के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके।

एसोसिएशन के महासचिव महिपाल रावत ने कहा कि बच्चों का भविष्य किसी व्यवस्था की लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा। देश का छात्र अब जवाब मांग रहा है और इस बार देश के अभिभावक भी चुप नहीं बैठेंगे।

# थाना जवां पुलिस ने 02 अभियुक्तों को अवैध तमंचा, कारतूस, चाकू व चोरी की बाइक सहित किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना जवां पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू तथा चोरी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अजय उर्फ चेलवा पुत्र संतोष निवासी सेक्टर-6 नरेला, दिल्ली तथा किशन पुत्र विजयपाल निवासी प्रताप नगर पीर बगीची थाना गुलाबीबाग, दिल्ली के रूप में हुई है थाना जवां पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 184/26 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस व 3/4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस 315 बोर एक अवैध




चाकू चोरी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पुलिस टीम में शामिल-थानाध्यक्ष धीरज कुमार, उ0नि0 शाहिद अली, है0का0 मुलायम सिंह एवं है0का0 अरविन्द कुमार।

# मण्डलायुक्त ने की गौ आश्रय स्थलों की मण्डलीय समीक्षा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में गौ आश्रय स्थलों से सम्बन्धित मण्डल स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शासन से नामित नोडल अधिकारी अपर निदेशक, पशु पालन विभाग डा0 ओ0पी0 सोनकर, मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज, समेत समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य मण्डल स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



मण्डलायुक्त ने बैठक में शत प्रतिशत निराश्रित गौवंश का संरक्षण करने, गौशालाओं में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने, आवश्यकतानुरूप अवृक्षारोपण कराने के साथ ही प्रत्येक जिले में कम से कम 05 गौशालायें नवाचार के माध्यम से स्वावलम्बी बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सम्बद्ध चारागाहों में शत प्रतिशत चारा बुवाई कराते हुए कब्जायुक्त भूमियों को कब्जामुक्त कराया जाए और आम जनमानस एवं गणमान्यों को प्रेरित कर अधिक से अधिक भूसा दान भी कराया जाए।

मण्डलायुक्त के निर्देशों के अनुपालन में विकास खण्ड अतरौली के ग्राम भवीगढ में कुछ गणमान्यों को प्रेरित करते हुये भूसा एवं हरा चारा दान कराया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दान दाताओं को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

# खादी ग्रामोद्योग बोर्ड निःशुल्क देगा पॉपकार्न व दोना मेकिंग मशीनें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक कारीगरों एवं स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले के पात्र अभ्यर्थियों को पॉपकार्न मेकिंग मशीन एवं दोना मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरित किए जाने की योजना प्रारंभ की गई है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने बताया कि पॉपकार्न निर्माण कार्य से जुड़े भुर्जी समाज के पारंपरिक कारीगरों के साथ-साथ इस उद्योग में स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। वहीं दोना मेकिंग मशीन के लिए भी ऐसे कारीगर पात्र होंगे जो इस कार्य में परंपरागत रूप से जुड़े हैं अथवा स्वयं का रोजगार शुरू करना चाहते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का जिले के ग्रामीण क्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने आवश्यक अभिलेखों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र तैयार रखते हुए उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के ऑनलाइन सेवाओं अनुभाग में जाकर टूलकिट्स आवंटन हेतु ऑनलाइन पंजीकरणह्व के माध्यम से आवेदन करना होगा।

आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई 2026 निर्धारित की गई है। जिला स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, जिसके उपरांत मशीनों के निःशुल्क वितरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मकान संख्या 5/69-एच-80-4, त्रिमूर्ति नगर (पुलिस गैस गोदाम के पास), बरौला बाईपास, अलीगढ़ में संपर्क कर सकते हैं। साथ ही दूरभाष संख्या 7408410755 एवं 9808146965 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# नगर आयुक्त सफाई के दावों की खुली पोल सुरेन्द्र नगर तिराहा से नाले की सफाई के पांच दिन बाद भी नहीं उठी कीचड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वार्ड संख्या 82ः सुरेन्द्र नगर तिराहा स्थित नाले की सफाई के बाद पिछले कई दिनों दुकानों के आगे पड़ी कीचड़ ने दुकानदारों और यहां आस-पास रहने वालों के सामने गंभीर समस्या खडी कर दी है, वहीं नगर आयुक्त के नालों की सफाई के बाद निकली कीचड़ को उठाने के आदेशों की पोल खोलकर रख दी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पॉच दिन पहले नाले की सफाई की गई थी और नाला सफाई के बाद निकली कीचड़ सफाई कर्मियों ने यहां दुकानों और आस-पास के माकनों के सामने ही डाल दिया था। लेकिन पॉच दिन रहने के कारण अब यह कीचड़ तेज धूँप गर्मी के कारण सूख चुकी, जो सूखने के कारण तेज हवा के दौरान उड़ और लोगों के मुँह और नांक में जा रही है, लेकिन नगर निगम द्वारा कीचड़ को नहीं उठवाया जा रहा है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है साथ ही दुकानदार अपनी दुकान नहीं खोल पा रहे हैं। ग्राहकों के न आने से उनकी कमाई बंद हो गई है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में आंक्रोश है, उनका कहना है कि एक ओर नगर आयुक्त सफाई व्यवस्था की दुहाई देते हुए नहीं थकते हैं, वहीं इस ओर नगर आयुक्त भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।





स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है। इससे, आवागमन बाधित है और दुकानदार और आस-पडौस के लोग बीमारियों के फैलने की आशंका से चिंतित हैं।

उन्होंने नगर निगम अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर दिलाया है।

# मोडीफाईड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न पर प्रशासन सख्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद खण्डपीठ, लखनऊ के आदेश के अनुपालन में जिले में मोडीफाईड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर एवं ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले उपकरणों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ऐसे वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग कर रही है, जो तेज आवाज वाले मोडीफाईड उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं।

एआरटीओ प्रवर्तन प्रवेश कुमार ने बताया कि बुधवार को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान मोडीफाईड साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 03 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया, 04 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए, जबकि 02 ट्रकों में प्रेशर हॉर्न पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त नियमों का उल्लंघन करने वाले 03 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए गए।



संभागीय परिवहन अधिकारी दीपक कुमार शाह ने बताया कि मोडीफाईड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर की बिक्री एवं फिटिंग करने वाले मोटर गैराजों और वर्कशॉप का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। जांच में ऐसे उपकरणों का भंडारण, बिक्री अथवा फिटिंग पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 182ए(3) के तहत संबंधित संचालक पर प्रति उपकरण एक लाख रुपये तक जुमार्ना लगाया जा सकता है। परिवहन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वाहनों में अवैध रूप से मोडीफाईड साइलेंसर लगाने वाले वाहन स्वामियों पर धारा 182ए(4) के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुमार्ना एवं कारावास का भी प्रावधान है। सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे वाहन संचालित करते पाए जाने पर ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिए निलंबित किया जाएगा। साथ ही जिन वाहनों में मोडीफाईड साइलेंसर पाए जाएंगे, उनकी आरसी निलंबित करने की कार्रवाई भी प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी।

एआरटीओ प्रवर्तन प्रवेश कुमार ने जिले के वाहन स्वामियों एवं गैराज संचालकों से नियमों का पालन करने और ध्वनि प्रदूषण रोकने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। आरटीओ दीपक शाह ने भी कहा कि जनहित में यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# एआईएमआईएम ने नितेश राणे का पुतला फूंका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** बुधवार को महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे के विवादित बयान के विरोध में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष यामीन खान अब्बासी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर कार्यकताओं ने नितेश राणे का पुतला दहन किया।

एआईएमआईएम नेताओं ने आरोप लगाया कि नितेश राणे ने उनकी पार्टी को २आतंकवादी संगठन बताया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की तुलना ओसामा बिन लादेन से भी की, जिससे पार्टी समर्थकों और मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। नेताओं ने यह भी कहा कि मदरसों को आतंकवाद का केंद्र बताना और उन्हें बंद करने की मांग करना संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। कलेक्ट्रेट गेट पर जमा हुए कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र विरोधी बयानबाजी बंद करो और संविधान का अपमान नहीं सहेंगे जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।



इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति और भारतीय चुनाव आयोग को संबोधित एक ज्ञापन एसीएम प्रथम विनीत मिश्र को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया किए आईएमआईएम भारतीय चुनाव आयोग में पंजीकृत एक राजनीतिक दल है। उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष कई बार सांसद रह चुके हैं। इसमें कहा गया कि संवैधानिक पद पर बैठे मंत्री द्वारा ऐसी टिप्पणी करना आचार संहिता और लोकतांत्रिक मयार्दाओं का उल्लंघन है। पार्टी पदाधिकारियों ने मांग की कि नितेश राणे को महाराष्ट्र मंत्रिमंडल और विधानसभा सदस्यता से बर्खास्त किया जाए। उन्होंने उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की भी मांग की। इस प्रदर्शन में महिला अध्यक्ष गुलिस्ता खान, मुख्य महासचिव कुंवर हारून खान, युवा जिलाध्यक्ष दानिश पहलवान कुरैशी, महानगर अध्यक्ष बुंदू खान नेताजी और युवा विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद रफीक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनगणना-2027 में पहली बार ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा संभव, घर बैठे ऐसे भर सकेंगे विवरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** भारत सरकार द्वारा की जा रही जनगणना-2027 को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से इस बार पारंपरिक घर-घर गणना के साथ ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा भी 21 मई तक प्रदान की गई है। इससे नागरिक अपने घर बैठे मोबाइल, लैपटॉप अथवा कंप्यूटर के माध्यम से अपनी पारिवारिक जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे।

जिलाधिकारी एवं जिला जनगणना अधिकारी अविनाश कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना प्रक्रिया सामान्य रूप से दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना की जाएगी, जिसमें भवन की स्थिति, कमरों की संख्या, पेयजल, शौचालय, बिजली, इंटरनेट, रसोई गैस जैसी मूलभूत सुविधाओं का विवरण दर्ज किया जाएगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना होगी, जिसमें परिवार के प्रत्येक सदस्य का नाम, आयु, लिंग, शिक्षा, व्यवसाय, वैवाहिक स्थिति, जन्म स्थान, मातृभाषा सहित अन्य आवश्यक जानकारियां दर्ज की जाएंगी। यदि केंद्र सरकार द्वारा ऑनलाइन स्वयं गणना सुविधा सक्रिय की जाती है, तो नागरिक दी गई प्रक्रिया अपनाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

सर्वप्रथम आपको भारत सरकार के जनगणना पोर्टल/मोबाइल एप पर पंजीकरण करना होगा। मोबाइल नंबर अथवा आधार आधारित सत्यापन के माध्यम से लॉगिन करना होगा। परिवार के मुखिया को परिवार से संबंधित मूल विवरण दर्ज करना होगा। परिवार के सभी सदस्यों की व्यक्तिगत जानकारी निर्धारित कॉलम में भरनी होगी। जानकारी भरने के बाद उसका पुनः सत्यापन करना होगा। अंतिम सबमिट के बाद एक संदर्भ संख्या प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना होगा। बाद में नियुक्त प्रगणक घर पहुंचकर विवरण का सत्यापन कर सकते हैं।

**जिलाधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया का उद्देश्य नागरिकों का समय बचाना एवं डेटा संकलन को अधिक तेज और सटीक बनाना है**

जिलाधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया का उद्देश्य नागरिकों का समय बचाना एवं डेटा संकलन को अधिक तेज और सटीक बनाना है। हालांकि जिन नागरिकों के पास इंटरनेट सुविधा उपलब्ध नहीं होगी, उनके लिए प्रगणक पूर्व की भांति घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना के दौरान सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, क्योंकि यही आंकड़े भविष्य की सरकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण और विकास कार्यों की आधारशिला बनेंगे।

बुधवार को विकास भवन के गॉधी सभागार में जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य के मार्गदर्शन में विकास भवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मोबाइल एप के माध्यम स्व-गणना की। इस दौरान डीडीओ ने सभी जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द अपनी सुविधानुसार घर बैठे स्व-गणना करें। उन्होंने कहा कि स्व-गणना करना बहुत ही आसान है जिस प्रकार हम सभी ने स्व-गणना की है आप भी कर सकते हैं।

## विधायक चंद्रभानु पासवान ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अयोध्या (सज्जाद बाकर)।** चंद्रभानु पासवान ने बुधवार को परसौली स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई कर क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व और अन्य स्थानीय समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा।



विधायक चंद्रभानु पासवान ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना उनका परम कर्तव्य है और क्षेत्र की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसेवा केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक पुनीत संकल्प है। जनता की हर आवाज महत्वपूर्ण है और लोगों को त्वरित राहत दिलाना ही उनका उद्देश्य है। जनसुनवाई के दौरान कई फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# थाना छर्रा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना छर्रा पुलिस ने मु0अ0सं0 122/26 धारा 345(3)/317(5) बीएनएस से संबंधित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान साजिद पुत्र सैय्याद निवासी ग्राम सतरापुर थाना छर्रा जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है। अभियुक्त को थाना क्षेत्र छर्रा से गिरफ्तार किया गया पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर वढ81इत्र28769 बरामद की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना छर्रा में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है पुलिस टीम में शामिल- उ0नि0 विनोद कुमार, उ0नि0 विक्की शर्मा एवं हे0का0 कपिल देव थाना छर्रा, अलीगढ़।




**पदार्फाश** सात लाख से अधिक के नकली नोट समेत सरगनासमेत चार अभियुक्त गिरफ्तार

# पुलिस ने नकली नोटों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का किया पर्दाफाश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पुलिस व क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग को एक बडी सफलता हाथ लगी है, जिसमें नकली नोटों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए गैंग की सरगना समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करके 7 लाख से अधिक नकली नोट बरामद किये हैं।

बुधवार को इस संबंध में एसपी ग्रामीण मनीष कुमार द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि थाना गोरई पुलिस व क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग (देहात) जानकार मिली थी। नकली नोटों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग द्वारा नकली नोटों करोबार कर रहे हैं। जानकारी मिलने पर थाना गोरई पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की सयुक्त टीम ने बताये गये स्थान थाना क्षेत्र ख्याला में छापामारा और गैग के सरगना जिकरूल हसन पुत्र अहमद हसन निवासी ठाकुर वाली गली भुजपुरा थाना कोतवाली नगर, अलीगढ़ हाल पता गणेशपुर थाना गंज डुंडवारा जनपद कासगंज, बसीम पुत्र नसीम निवासी न्यू पी 343 रघुवीर नगर ख्याला थाना ख्याला, नई दिल्ली (सदस्य) , आसिफ पुत्र मौ० शकील निवासी ग्राम सेवनपुर थाना शाहबर जिला कासगंज (सदस्य) और फरमान पुत्र वासिफ निवासी विश्वपुरा ख्याला थाना ख्याला नई दिल्ली (सदस्य) को 7,70,000/- रुपये की नकली नोटो के साथ थाना क्षेत्र गोरई व थाना क्षेत्र ख्याला (दिल्ली) से



गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीमे में एसओ ज्योति श्रीवास्तव थाना गोरई,.उ0नि0 संजीव कुमार थाना गोरई, उ0नि0 अच्युतानन्द राय थाना गोरई,.उ0नि0 सतेन्द्र सिह थाना गोरई, कास्टेबिल अफजाल, मनीष कुमा अमित कुमार थाना गोरई, रि0का0 लविश वालियान थाना गोरई, अलीगढ़, उ0नि0 पंकज वेदवान क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग देहात अलीगढ़, हेड कास्टेबिल शीलेश कुमार क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग देहात अलीगढ़, अंकित चौधरी क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग देहात अलीगढ़, गौरव चौधरी क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग देहात अलीगढ़ आदि शामिल थे।

# थाना चण्डौस पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना चण्डौस पुलिस ने मु0अ0सं0 163/25 धारा 108 बीएनएस में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुनील पुत्र कैलाश निवासी ग्राम सिद्धनगर थाना चण्डौस जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है। अभियुक्त को थाना क्षेत्र चण्डौस से गिरफ्तार किया गया पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।




गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल उ0नि0 आदित्य श्रीवास्तव, हे0कां0 धीरेश कुमार एवं कां0 निपेन्द्र कुमार थाना चण्डौस, अलीगढ़।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर जीएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुई कार्यशाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लगातार बना रहने वाला तनाव गंभीर मानसिक और शारीरिक समस्याओं का कारण बन सकता है: एनके सिंह**

**पिलखुवा (राशिद अली)।** जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मानसिक तनाव से बचाव और स्वस्थ कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। तनाव प्रबंधन एवं विवाद समाधान विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने मानसिक संतुलन बनाए रखने





के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. मधुबाला ने किया। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. एन.के. सिंह, डीन तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव आम समस्या बन चुका है। उन्होंने बताया कि सीमित तनाव व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, लेकिन लगातार बना रहने वाला तनाव गंभीर मानसिक और शारीरिक समस्याओं का कारण बन सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को तनाव कम करने के लिए नियमित योग, व्यायाम, मेडिटेशन और पर्याप्त नींद अपनाने की सलाह दी। साथ ही सकारात्मक सोच, प्रकृति के बीच समय बिताने और रचनात्मक गतिविधियों को मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। कार्यशाला में डॉ. अंकित शर्मा, सीईओ डॉ. नेहा गोयल, डॉ. रूपाली शर्मा, डॉ. प्रदीप गर्ग, डॉ. एस. कुमार, डॉ. शरद गोयल, मनोज शिशोदिया और एस.एन. सिंह सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया। समापन पर विशेषज्ञों ने कहा कि स्वस्थ मन और संतुलित जीवनशैली ही बेहतर समाज और सफल कार्यसंस्कृति की आधारशिला है।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के खिलाफ एसडीएम व कोतवाल को ज्ञापन,कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- **अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन**
- **सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा ब्राहमणों पर की थी अशोभनीय टिप्पणी**

**हापुड़ ,गढ़मुक्तेश्वर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के द्वारा ब्राह्मणों पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में बुधवार को ब्राह्मण समाज के लोग गढ़मुक्तेश्वर तहसील में एकत्रित हुए। साथ ही उप जिला अधिकारी श्रीराम यादव व कोतवाली देवेन्द्र बिष्टद्द को ज्ञापन सौंपकर राजकुमार भाटी पर कार्रवाई करने का मांग की गई।




अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग एकत्रित हुए और गढ़मुक्तेश्वर थाना एवं गढ़मुक्तेश्वर तहसील पर पहुंचकर राजकुमार भाटी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। विजेंद्र शर्मा ने बताया इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समाज में नफरत फैलाने वाले इस प्रकार के लोगों का कड़ा विरोध किया जाएगा

इस अवसर पर पश्चिमी प्रदेश सचिव अनुज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंडित संजय शास्त्री,जिला महासचिव महेश शर्मा, जिला सचिव भगवान शर्मा, मंडलीय सचिव करण शर्मा, विधानसभा प्रभारी गढ़मुक्तेश्वर आशुतोष शर्मा, जिला संरक्षक डॉक्टर हर्षवर्धन शर्मा, पंडित मूलचंद शर्मा, जिला संयोजक प्रदीप शर्मा,विधानसभा अध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर पंडित विनोद शर्मा, धनंजय तिवारी, बच्चन शर्मा, राजवीर शास्त्री, शैलेश शास्त्री, टिंकू शर्मा, जिला प्रभारी राहुल,रिंकू शर्मा, अंकुर त्यागी, शोभित ठाकुर,पवन शर्मा, टिंकू शर्मा, अवनीश चौहान,कर्ण गौतम, अमित जोगी,अंकित राजपूत, रोहित पंडित, अंकित शर्मा, प्रशांत पंडित आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (SIMS) में भव्य रूप से मनाया गया नर्सेस डे सेलिब्रेशन 2026

# सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (SIMS) ने नर्सिंग अधिकारियों को उनकी करुणा, समर्पण और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (SIMS) में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे सेलिब्रेशन 2026 बड़े उत्साह, गरिमा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर नर्सिंग पेशेवरों की समर्पित सेवाओं, करुणा और स्वास्थ्य सेवाओं एवं रोगी देखभाल में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में प्रतिष्ठित अतिथियों, फैकल्टी सदस्यों, प्रशासकों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, छात्रों और नर्सिंग अधिकारियों ने सहभागिता कर नर्सिंग समुदाय की निःस्वार्थ सेवा भावना को सराहा। कार्यक्रम की शुरूआत एंकर प्रिया द्वारा भावनात्मक और प्रेरणादायक परिचय से हुई, जिसमें उन्होंने नर्सों को अस्पतालों और मरीजों की वास्तविक जीवनरेखा बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नर्सें मरीजों के सबसे कठिन समय में न केवल चिकित्सा सहायता प्रदान करती हैं, बल्कि उन्हें भावनात्मक सहारा, उम्मीद और आत्मविश्वास भी देती हैं। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने पूरे सभागार को भावुक और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। यह समारोह आधुनिक नर्सिंग की जनक और द लेडी विद द लैंप के नाम से प्रसिद्ध फ्लोरेंस नाइटिंगेल को समर्पित था। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि हर नायक के पास केप नहीं होती, बल्कि कई नायक स्क्रब पहनकर मानवता की सेवा करते हैं। नर्सिंग पेशे को दुनिया के सबसे महान और सम्मानित व्यवसायों में से एक बताया गया, जो केवल दवाइयों और दस्तावेजों तक सीमित नहीं है, बल्कि नेतृत्व, प्रशासन, परामर्श, जागरूकता और स्वास्थ्य प्रबंधन से भी जुड़ा हुआ है। यह प्रतिष्ठित आयोजन डॉ. जे. रामचंद्रन के दूरदर्शी नेतृत्व एवं आशीर्वाद में संपन्न हुआ। समारोह में श्रीमती शुशीला रामचंद्रन (प्रबंध न्यासी, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़) एवं श्रीमती राम्या रामचंद्रेन (उपाध्यक्ष, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और प्रेरणा को और बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. बरखा गुप्ता, ब्रिगेडियर डॉ. आर.के. सहगल, एन. वरदराजन, मेजर जनरल डॉ. चरणजीत सिंह अहलूवालिया, रघुवीर दत्त पांडेय, प्रो. डॉ. आर. मनोहारी, डॉ. नितिन कुमार एवं लुक्रिशिया रुबावथी सहित विभागाध्यक्षों, फैकल्टी सदस्यों, सहयोगी स्टाफ और नर्सिंग अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की औपचारिक शुरूआत सरस्वती वंदना एवं प्रार्थना गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मकता, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। यह समारोह ज्ञान, सेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों का प्रतीक बना। स्वागत भाषण अहालिया ससीधरन द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, फैकल्टी सदस्यों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और नर्सिंग अधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया।







उन्होंने नर्सेस डे 2026 की थीम का अनावरण करते हुए आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग पेशेवरों की बदलती और महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में राम्या रामचंद्रेन (उपाध्यक्ष, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़) ने नर्सिंग अधिकारियों की अथक मेहनत और मानव सेवा की भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि नर्सें हर सफल स्वास्थ्य संस्थान की भावनात्मक और संचालनात्मक रीढ़ होती हैं। सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (SIMS) के प्राचार्य की ओर से ब्रिगेडियर डॉ. आर.के. सहगल ने प्रेरणादायक संदेश देते हुए नर्सिंग समुदाय के योगदान की प्रशंसा की और उन्हें समाज सेवा के इसी समर्पित भाव को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। मेजर जनरल डॉ. चरणजीत सिंह अहलूवालिया ने भी अपने संबोधन में नर्सिंग अधिकारियों की अनुशासन, धैर्य और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन और मरीजों की देखभाल में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह का एक विशेष और यादगार क्षण केक कटिंग सेरेमनी रहा, जिसमें सभी गणमान्य अतिथि और नर्सिंग अधिकारी एक साथ शामिल हुए। यह आयोजन एकता, सम्मान और नर्सिंग समुदाय के प्रति आभार का प्रतीक बना। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बेस्ट नर्सेस अवॉर्ड्स 2026 समारोह रहा, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों के माध्यम से नर्सों के समर्पण, नेतृत्व क्षमता, करुणा और उत्कृष्ट रोगी सेवा को सराहा गया। उपस्थित अतिथियों ने जोरदार तालियों के साथ सभी सम्मानित नर्सिंग अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुरस्कार वितरण और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण और यादगार बना दिया। सभी उपस्थित अतिथियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के माध्यम से सभी अतिथियों, आयोजकों, फैकल्टी सदस्यों, स्वयंसेवकों, सहयोगी स्टाफ और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विशेष रूप से नर्सिंग अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं के वास्तविक स्तंभ बताते हुए उनकी निःस्वार्थ सेवा भावना को नमन किया गया। भव्य नर्सेस डे सेलिब्रेशन 2026 का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को गर्व, एकता और सम्मान की भावना से भर दिया। यह आयोजन नर्सिंग समुदाय के प्रति एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि साबित हुआ और उन नर्सों के समर्पण, करुणा और सेवा भावना का उत्सव बना, जो प्रतिदिन मानवता की सेवा में समर्पित रहती हैं।

# सीबीएसई बोर्ड 12वीं का परीक्षाफल घोषित, 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रा श्रैया बनी जिला टॉपर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें मोदीनगर रोड स्थित श्रीमति ब्रहमा देवी कालेज

**जिला टॉपर छात्रा को प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने दी बधाई**

की छात्रा श्रैया ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनी। जिला टॉपर छात्रा को कालेज प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। आपको बता दें,कि बुधवार की दोपहर केन्द्रीय






माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित किया। जिसमें मोदीनगर रोड स्थित श्रीमति ब्रहमादेवी कालेज की छात्रा श्रैया ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनी। जबकि दूसरे स्थान पर दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा वैष्णवी ने 98.8 प्रतिशत अंक व तीसरे स्थान पर भी दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

टॉपर छात्राओं को प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

वहीं ब्रहमा देवी पब्लिक स्कूल सुमैया हुसैन पुत्री राशिद हुसैन ने पीसीबी में कालेज टॉप किया है। जिस पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

# सीबीएसई 12वीं परिणाम में विबग्योर स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के विबिग्योर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन

**शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है: निदीश गुप्ता**

करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में जश्न का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। विद्यालय की छात्रा निष्ठा गर्ग ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप स्थान प्राप्त किया। वहीं अनन्या मित्तल और देवांश बंसल ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। मानविकी वर्ग की छात्रा माही तोमर ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव







बढ़ाया। विद्यालय निदेशक निदीश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष सभी संकायों के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जो शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है। चेयरमैन जनार्दन गुप्ता, निदेशक नदीश गुप्ता एवं प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। अभिभावकों ने भी विद्यालय के शैक्षिक वातावरण और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए छात्रों की सफलता पर खुशी जताई।

भठ

## सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य करा रही है: धर्मेश तोमर

# धौलाना में सड़क विकास को मिली रफ्तार, दो मार्गों के निर्माण कार्य शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** धौलाना विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ किया





गया। कन्दौला-करनपुर मार्ग और आनंद मिल्क प्लांट से डूहरी मार्ग तक बनने वाली सड़कों के निर्माण पर करीब 338 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार कन्दौला से करनपुर तक लगभग 2.95 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 230.91 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा, जबकि आनंद मिल्क प्लांट से डूहरी तक 1.50 किलोमीटर सड़क 107.16 लाख रुपये की लागत से तैयार की जाएगी। दोनों परियोजनाओं का निर्माण लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड हापुड़ द्वारा कराया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। लंबे समय से खराब रास्तों, धूल और बारिश में जलभराव की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य करा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई सड़क और अन्य विकास परियोजनाओं पर कार्य जारी है, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। साथ ही युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

पूर्व जिला मंत्री पवन त्यागी कवि ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस अवसर पर रामवीर सिंह बाबाजी, शिवराज सिंह, दिनेश कुमार प्रधान, रोहित चौधरी, विकास चौधरी, जीतपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, रविंद्र सिंह प्रधान, विनीत तोमर, अवदेश तोमर, धनंजय सिंह, दीपक तोमर, इस्लामुद्दीन बीडीसी और शोभित हनीफ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# मेरठ पदयात्रा को लेकर आप कार्यकर्ताओं की बैठक, बड़ी संख्या में शामिल होंगे समर्थक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** आम आदमी पार्टी की ओर से आयोजित रोजगार दो,

**प्रदेश का युवा बेरोजगारी की समस्या से परेशान है और सामाजिक न्याय को लेकर भी लोगों में असंतोष है: सीएम चौहान**

सामाजिक न्याय दो पदयात्रा को सफल बनाने के लिए बुधवार को परतापुर रोड स्थित कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में धौलाना विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के पश्चिमी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता सीएम चौहान ने कहा कि 16 मई से शुरू होने वाली पदयात्रा में हापुड़, गढ़ और धौलाना विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मेरठ पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं के लिए बसों और अन्य वाहनों की व्यवस्था की गई है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा बेरोजगारी की समस्या से परेशान है और सामाजिक न्याय को लेकर भी लोगों में असंतोष है। इसी मुद्दे को लेकर पार्टी कार्यकर्ता राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में आयोजित पदयात्रा में भाग लेंगे।

सीएम चौहान ने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से दलित, पिछड़े, वंचित, मजदूर और गरीब वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में अरुण शर्मा, विनोद सैनी, इमरान खान, शकील अहमद, विपिन कुमार, निमित्त तोमर, देवेंद्र तोमर, सुनील कुमार, राजीव शर्मा, चतर सिंह, सुरेंद्र चौधरी और अखिल अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

सवाल यह नहीं है कि केजरीवाल की दलीलें कितनी वजनदार थीं। मुद्दा केजरीवाल का यह कहना है कि उन्हें न्यायमूर्ति शर्मा से इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं है। इस शक का साया आगे की कार्यवाही पर भी पड़ा रहेगा।

यह घिसा-पिटा कथन, लेकिन महत्त्वपूर्ण मानदंड है कि इंसाफ ना सिर्फ होना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। और ऐसा तब कतई नहीं हो सकता, जब जज पर विवाद से संबंधित किसी एक पक्ष को भरोसा ना हो। दिल्ली हाई कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका ठुकराते हुए इस अति महत्त्वपूर्ण पहलू की उपेक्षा कर दी। परंपरा भी यही है कि जहां जज के हित न्याय की अपेक्षा से टकराते हों अथवा जज की निष्पक्षता पर किसी पक्ष को संदेह हो, तो संबंधित न्यायाधीश उस मामले से खुद को अलग कर लेते हैं।

दिल्ली उत्पाद नीति से संबंधित मुकदमे में केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत में उपस्थित होकर उनको लेकर अपने संदेह के पक्ष में लंबी दलीलें दीं। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में संभवतः यह पहली ऐसी कार्यवाही थी, जिसे पूरे देश ने लाइव सुना और देखा।

ये दीगर बात है कि बाद में हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स से खुद अपनी उस कार्यवाही के वीडियो को हटाने का विडंबनापूर्ण निर्देश जारी कर दिया। बहरहाल, सवाल यह नहीं है कि केजरीवाल की दलीलें कितनी वजनदार थीं।

मुद्दा है कि केजरीवाल ने खुल कर कहा कि उन्हें न्यायमूर्ति शर्मा से इंसाफ मिलने का भरोसा नहीं है।

उनकी पार्टी के नेताओं ने इसको सार्वजनिक चर्चा का विषय बना रखा है। ऐसे में आशंका है कि ठोस तथ्यों के आधार पर भी निर्णय अगर केजरीवाल के खिलाफ आया, तो उसकी विश्वसनीयता पर उनकी ओर सवाल खड़े किए जाते रहेंगे। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि 'अविश्वास के बीज बोनेइ की कोशिशों के दरवाजे नहीं खोले जा सकते। उन्होंने कहा कि जज की निष्पक्षता एक पूर्व-धारणा होती है। जज तभी मामले से अपने को अलग कर सकता है, जब वादी इस पूर्व-धारणा का खंडन करने में सफल रहे। हाई कोर्ट इस निष्कर्ष पर है कि केजरीवाल ऐसा करने में विफल रहे। इसलिए वह उनके नैरेटिव से बिना प्रभावित हुए आगे बढ़ेगा।

मगर व्यवहार में अक्सर कथानक और दबी जुबान में होने वाली चर्चाओ की अपनी जिंदगी होती है। उनके असर की अनदेखी के अपने जोखिम होते हैं।




# बंद कमरों की खामोशी में दर्ज एक यात्रा– कश्मीर की वादियों से लौटती हुई एक संवेदन



**विनोद कुमार सिंह**

यात्राएँ केवल भौगोलिक दूरी का विस्तार नहीं होतीं, वे मनुष्य के भीतर बसे अनुभवों, संवेदनाओं और संघर्षों की भी परतें खोलती हैं।29अप्रैल की संध्या से 3 मई 2026 के बीच जम्मू तवी से प्रारम्भ होकर श्रीनगर तक पहुँची यह मीडिया यात्रा भी एक ऐसी ही बहुआयामी अनुभूति बन गई -जहाँ एक ओर बाहरी दुनिया का अद्भुत विस्तार था, वहीं दूसरी ओर भीतर चल रही थकान, असहजता और आत्म संवाद की गहरी परछाइयाँ भी थीं। यह यात्रा जितनी बाहर की थी, उससे कहीं अधिक भीतर की यात्रा बन गई।जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से इस यात्रा का वास्तविक आरंभ हुआ। यह स्थान केवल एक पड़ाव नहीं,बल्कि कई दिशाओं से आई यात्राओं का संगम था। दिल्ली और अन्य शहरों से अलग-अलग ट्रेनों के माध्यम से पहुँचे पत्रकारों के चेहरों पर थकान और उत्साह का एक साथ होना इस यात्रा की पहली झलक थी। किसी के पास कहानियाँ थीं, किसी के पास अपेक्षाएँ–और इन्हीं के बीच यह सफर धीरे-धीरे आगे बढ़ा।

लेकिन हर यात्रा केवल उम्मीदों से नहीं चलती,वह शरीर और मन की सीमाओं को भी परखती है। श्रीनगर पहुँचते-पहुँचते मेरे भीतर यह सीमा स्पष्ट होने लगी।पहले हल्की थकान,फिर असहजता, और धीरे-धीरे एक गहरा शारीरिक कष्ट–यह सब इस यात्रा का हिस्सा बन गया।अनियमित दिनचर्या,भोजन का अभाव और लगातार चलने वाली गतिविधियों ने शरीर को कमजोर कर दिया।श्रीनगर–प्रकृति की गोद में बसा वह अद्भुत नगर, जहाँ हर दृश्य एक कविता की तरह खुलता है।डल झील की शांत जलराशि पर तैरते शिकारे जैसे समय को थाम लेते हैं। सुबह की किरणें जब जल पर उतरती हैं,तो लगता है जैसे आकाश और धरती एक-दूसरे से संवाद कर रहे हों।मुगलकालीन स्थापत्य के प्रतीक शालीमार बाग और निशांत वाग अपने भीतर इतिहास और प्रकृति का संतुलन समेटे हुए हैं।यहाँ की हरियाली, जलधाराएँ और सुव्यवस्थित उद्यान मानो उस समय की संवेदनशीलता को आज भी जीवित रखते हैं।चश्मे शाही का निर्मल जल, जिसकी शीतलता थके हुए मन और शरीर को राहत देती है, प्रकृति के उस स्पर्श का अनुभव कराता है जो बिना शब्दों के भी बहुत कुछ कह जाता है।वहीं हजरत बल सिने की पवित्रता और शांति मन को एक गहरे आध्यात्मिक अनुभव से भर देती है। और लाल चौक यह केवल एक स्थान नहीं, .बल्कि जीवन की धड़कन है,जहाँ शहर अपने पूरे रंग और लय में साँस लेता है। लेकिन इस समूचे सौंदर्य के बीच मेरी अपनी स्थिति एक अलग ही कहानी लिख रही थी।शारीरिक कष्ट के कारण मैं समूह से अलग पड़ गया।होटल के नियमों और परिस्थितियों ने मुझे एक सीमित दायरे में बाँध दिया।वह कमरा, जो विश्राम के लिए था,धीरे-धीरे एक बंद संसार में बदल गया। बाहर की वादियाँ पुकार रही थीं, लेकिन भीतर की थकान उस पुकार तक पहुँचने नहीं दे रही थी।आईने में चेहरा देखा तो थकान की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही थीं–जैसे हर रेखा एक अनुभव को दर्ज कर रही हो। उस क्षण यह एहसास और गहरा हुआ कि एक पत्रकार होने के



बावजूद, हर अनुभव को पूरी तरह जी पाना संभव नहीं होता।कुछ यात्राएँ केवल देखी नहीं जातीं, वे भीतर झेली भी जाती हैं।

इसी खामोशी के बीच एक छोटा-सा क्षण एक नए द्वार की तरह सामने आया।जब मैं नाश्ते के लिए रेस्टोरेंट पहुँचा, तो होटल के एक कर्मचारी ने सहजता से कहा–सर, आपके सभी लोग घूमने चले गए। यह सुनकर एक क्षण के लिए भीतर एक खालीपन उतर आया। लेकिन उसी क्षण उसने एक और बात कही–ड्राइवर है, आप भी घूम लीजिए। यह प्रस्ताव जैसे बंद कमरे की खिड़की खुलने जैसा था। थोड़ी ही देर में एक ड्राइवर की व्यवस्था हुई और मैं अकेले श्रीनगर की सड़कों पर निकल पड़ा।यह यात्रा अब समूह की औपचारिकता से मुक्त होकर एक व्यक्तिगत अनुभव बन चुकी थी–मेरे और इस शहर के बीच एक सीधा संवाद।राज भवन श्रीनगर की गंभीरता, चश्मे शाही की ताजगी,और लाल चौक की हलचल–इन सबने उस थके हुए मन को एक नई ऊर्जा दी। यह अनुभव किसी आधिकारिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था, लेकिन इसने इस यात्रा को एक मानवीय आयाम दे दिया। इस दौरान मुझे श्री नगर मानवीय संवेदना की झलक दिखाई दी - शैने - शैने हमारी कारी आगे वढ़ रही थी तभी एक आवाज मेरी कान में पड़ी - " भैया - भैया " मेरी तन्द्रा टुट गई ' मेरे नजर तभी एक कश्मीरी महिला के मासुम चेहरे पर पड़ी - जिसके गोद में एक प्यारी सी मासून बच्ची थी जो अपनी माँ के मार्मिक आवाज में मासूम स्वर बोल रही थी - भैया - भैया कुछ दे दो - तभी मैने अपने अपनी जेब से 10 रु० नोट उसके हाथ में पकड़ा दिया - आदतन मै कभी भी किसी भीख माँगने वाले को कुछ नही देता हुँ तभी - पुनः महिला नें कारूणिक स्वर - जिसमें एक माँ की ममता - संवेदना व मजूबरी स्वर थे - भैया बच्ची भुखी है - कुछ खाने का दे दो तभी मैने अन्तर्मन के आवाज स्वीट क्रीम ब्रेड का पैकेट पकड़ा - उनकी आँखे- अन्तर्मन अनंत दुआ देती हुई-हम आगे वढ़ गयें ।इस यात्रा के दौरान अकेलेपन में भी एक संवाद था, एक आत्मीयता थी,जो शायद भीड़ में संभव नहीं थी।लेकिन यात्रा का संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ था।वापस लौटने पर जब थकान और अस्वस्थता फिर से गहराई,तब एक मानवीय स्पर्श ने इस पूरे अनुभव को एक नई संवेदना से भर दिया।विनोद भट्ट ने मेरे चेहरे की थकान को समझते हुए एक टैबलेट मेरे हाथ में थमाई और कहा -दादा,आप चिंता न करें, आप स्वस्थ हो जाएंगे। यह एक साधारण वाक्य था,लेकिन उस समय यह किसी बड़ी राहत से कम नहीं था।यह एहसास हुआ कि यात्रा में सबसे बड़ा सहारा स्थान नहीं, बल्कि इंसान होता है।इसी क्रम में मुझे मानवीय संवेदना का जीता जागता उदाहरण नजर आया है। वह नाम युवा सह यात्री अशोक शर्मा जी थे जो श्याद नार्दन रेलवे के स्टाफ /शोसल मीडिया टीम का नेतृत्व कर रहें है-अशोक जी तथा उनकी टीम के कई सम्मानित साथियों जो मेरे से पहली बार मिलें थे-आगे बढ़कर मेरी मदद की ।इस पूरी यात्रा में हालाकि सदस्यों के लिए व्हाटसएप बनायें गए थे लेकिन आयोजको द्वारा संवाद सम्प्रेषण -सहयोग व भोजन व्यवस्था का अभाव भी एक गहरी चुनौती रहा।समय पर सुचना ना मिलने -आपसी सहयोग -संवाद के सामंजस्य ना होने से नाश्ते, दोपहर और रात्रि भोजन की अनिश्चितता ने शरीर को और कमजोर कर दिया।यह केवल एक व्यक्तिगत कठिनाई नहीं थी,बल्कि एक बड़ा प्रश्न भी था-क्या व्यवस्थाओं में मानवीय आवश्यकताओं को पर्याप्त महत्व दिया जा रहा है।

# अमेरिका-ईरान वॉर : विकासशील देशों के लिए आर्थिक तथा ऊर्जा आपातकाल की प्रासंगिकता



**संजीव ठाकुर**

विश्व राजनीति में जब भी पश्चिम एशिया अर्थात मध्यपूर्व में तनाव बढ़ता है, उसका सबसे अधिक प्रभाव विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। वर्तमान समय में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का राजनीतिक विवाद नहीं है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, तेल बाजार, महंगाई और आर्थिक स्थिरता से जुड़ा हुआ विषय बन चुका है। यदि यह तनाव युद्ध का रूप लेता है, तो विकासशील देशों के सामने आर्थिक तथा ऊर्जा आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल तथा अफ्रीका और एशिया के अनेक देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों पर निर्भर हैं।

ऐसे में अमेरिका ईरान संघर्ष सीधे तौर पर तेल की कीमतों, विदेशी मुद्रा भंडार और आम जनता के जीवन को प्रभावित करता है। ईरान विश्व के सबसे बड़े तेल और प्राकृतिक गैस भंडार वाले देशों में गिना जाता है। यह देश होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित है, जहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल टैंकर गुजरते हैं। यदि युद्ध या सैन्य तनाव के कारण इस मार्ग में बाधा आती है, तो पूरी दुनिया में तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों और क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर तनाव बना हुआ है। कई बार अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान का तेल निर्यात प्रभावित हुआ, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ीं।।विकासशील देशों पर जिसका सीधा प्रभाव पढ़ने लगता है। ऊर्जा किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की धड़कन होती है। उद्योग, परिवहन, कृषि, बिजली उत्पादन और संचार सभी ऊर्जा पर आधारित हैं। जब तेल महंगा होता है तो हर वस्तु की कीमत बढ़ने लगती है।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# जोड़-तोड़कर सरकार बनाने की रणनीति



**अशोक भाटिया**

भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता हासिल की, तब से विपक्षी सांसदों और विधायकों द्वारा पार्टी की निष्ठा बदलकर भाजपा में शामिल होने के कई उदाहरण सामने आए हैं। राघव चड्ढा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का हाल ही में भाजपा में शामिल होना इसी का एक उदाहरण है।

मार्च 2020 में मध्य प्रदेश में कमल नाथ की सरकार गिराने के लिए 22 कांग्रेस विधायकों ने इस्तीफा दे दिया। कुछ मामलों में नेता सीधे भाजपा में शामिल नहीं होते, लेकिन उसकी मदद करते हैं। जैसे 2020 में मणिपुर में, आठ कांग्रेस विधायकों ने अपनी पार्टी के आदेश (व्हिप) को नहीं माना और विश्वास मत के दौरान वोटिंग से दूर रहे, जिससे भाजपा सरकार बच गई। इसके अलावा, कई बार नेता सीधे भाजपा में भी शामिल हो जाते हैं।

आम आदमी पार्टी के सात बागी सांसदों ने एक ऐसी विधि का इस्तेमाल किया है जिसका इस्तेमाल अतीत में कई बार किया जा चुका है झ्र दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता से बचने के लिए सदन में पार्टी के दो-तिहाई से अधिक सदस्यों को तोड़ना और पीठासीन अधिकारी के फैसले के अधीन भाजपा के साथ विलय का दावा करना।

आम आदमी पार्टी के सांसदों का दल-बदल पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका रहा है , जिससे यह संदेश जाता है कि पार्टी पर उनका नियंत्रण नहीं है। भाजपा ने केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके मुख्यमंत्री आवास की योजना को फिर से उठाया है और इस तरह उनके खिलाफ अपने शीश महल विवाद को फिर से हवा देने की कोशिश की है।आम आदमी पार्टी के संकट से पहले भी विपक्षी दलों ने भाजपा पर बार-बार आरोप लगाया है कि वह उनकी पार्टियों को विभाजित करने और अलग हुए गुटों के साथ गठबंधन सरकार बनाने के लिए एक के बाद एक राज्यों में ऑपरेशन लोटस चला रही है। विपक्षी विधायकों द्वारा भाजपा में विलय करके सरकार बनाने में मदद करने के कई मामले भी सामने आए हैं। 2023 में अजीत पवार ने एनसीपी को विभाजित कर दिया। इसमें पार्टी के ज्यादातर विधायकों और नेताओं ने उनका समर्थन किया। एनसीपी ने तब एक बयान जारी कर कहा था, ह्र30 जून, 2023 को एनसीपी के विधायी और संगठनात्मक दोनों विंग के सदस्यों के भारी बहुमत से हस्ताक्षरित एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके तहत अजीत अनंतराव पवार को एनसीपी का अध्यक्ष चुना गया। एनसीपी ने अजीत पवार को महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी विधायक दल का नेता नियुक्त करने का भी निर्णय लिया और इस निर्णय को एनसीपी विधायकों के भारी बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा अनुमोदित किया गया।ह्वइसके बाद, दिवंगत अजीत पवार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अपने गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने की मांग की, साथ ही उन्होंने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।

2022 में शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को विभाजित कर दिया और उसके 55 विधायकों में से 40 और 19 सांसदों में से 12 को अपने साथ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में ले गए। इन दोनों ही मामलों में, चुनाव आयोग ने अलग हुए गुटों को मूल पार्टी चिन्ह दिया और शिंदे सेना और अजीत एनसीपी दोनों को असली पार्टी के रूप में मान्यता दी। शिंदे का उद्देश्य उद्धव सेना को विभाजित करके भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बनना था। वहीं, एनसीपी के मामले में, अजीत पवार का लक्ष्य न केवल सरकार में शामिल होना था, बल्कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी की विरासत पर दावा करना और अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले को दरकिनार करना भी था। दोनों ही मामलों में भाजपा को लाभ हुआ, क्योंकि उद्धव सरकार के पतन के बाद एनडीए सत्ता में आया और फिर उसने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों में एनडीए की शानदार जीत के बाद भाजपा ने देवेंद्र फड़नवीस को अपना मुख्यमंत्री बनाया और सहयोगी दलों ने उनके उपमुख्यमंत्री के पद पर समझौता कर लिया।




# प्रधानमंत्री की अपील का जनप्रतिनिधि भी करें पालन



**अरविंद रावल**

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालातों ने पूरी दुनिया को गहरे ऊर्जा संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है और इसका सीधा असर भारत सहित दुनिया के अनेक देशों पर पड़ रहा है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार वृद्धि के चलते खाद्य वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा के उपयोग की चीजों तक सब कुछ महंगा होता जा रहा है। महंगाई की इस मार ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन कठिन बना दिया है। भारत सरकार पिछले कई महीनों से हालात को नियंत्रित करने और जनता को राहत देने का प्रयास कर रही है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियां लगातार चुनौतीपूर्ण होती जा रही हैं। भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और आज भी यहां बड़ी संख्या में लोग सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं पर निर्भर हैं। देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग अस्सी प्रतिशत तेल और गैस खाड़ी देशों से आयात करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में पैदा हुआ संकट भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव डालना स्वाभाविक है। देश को गंभीर ऊर्जा संकट से उभारने और विदेशी मुद्रा भंडार को बनाये रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना की धरती से देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने तथा विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के लिए एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील की है। देश का एक बड़ा वर्ग प्रधानमंत्री की बात पर विश्वास करता है और उनकी अपील का पालन करने को भी तैयार है। आम नागरिक ईंधन की बचत और अनावश्यक खर्चों में कटौती के माध्यम से राष्ट्रहित में योगदान देना चाहते हैं। लेकिन अब समय आ गया है कि देश के जनप्रतिनिधि भी जनता के सामने उदाहरण प्रस्तुत करें। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों जैसे संवैधानिक पदों को छोड़ दिया जाए, तो पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक के निर्वाचित और मनोनीत जन प्रतिनिधियों, मंत्रियों और राजनीतिक दलों के नेताओं को अपने लंबे-चौड़े काफिलों और दिखावटी शक्ति प्रदर्शन पर अंकुश लगाना चाहिए। विडंबना यह है कि आज राजनीति में छोटे से छोटे पदाधिकारी भी दर्जनों महंगी गाड़ियों के काफिले के साथ पदभार ग्रहण करने पहुंचते हैं। कई बार मंत्रियों और नेताओं के काफिले इतने बड़े दिखाई देते हैं कि प्रधानमंत्री का काफिला भी छोटा प्रतीत होता है। वास्तविकता यह है कि नेताओं के दौरों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से अधिक ईंधन की खपत कार्यकताओं और समर्थकों के अनावश्यक वाहनों से होती है। वैश्विक ऊर्जा संकट के इस दौर में सभी राजनीतिक दलों को अपने कार्यक्रमों में वाहनों की संख्या की एक स्पष्ट सीमा तय करनी चाहिए। साथ ही शासन-प्रशासन में भी आवश्यक पदों को छोड़कर सरकारी वाहनों के उपयोग पर नियंत्रण जरूरी है। तभी बड़े पैमाने पर तेल और गैस की वास्तविक बचत संभव हो सकेगी। आज आवश्यकता केवल अपीलों की नहीं, बल्कि अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने की है। यदि आम जनता राष्ट्रहित में त्याग करने को तैयार है, तो राजनीति से जुड़े लोगों को भी दलगत हितों से ऊपर उठकर जिम्मेदारी निभानी होगी। वैश्विक ऊर्जा संकट के इस कठिन दौर में प्रधानमंत्री की अपील का ईमानदारी से पालन कर जनप्रतिनिधियों को भी देश को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** – अतीत को भुलाकर आगे बढ़े, नई शक्ति के साथ सफलता के रास्ते खुलेंगे, विदेश में अकेलापन लगेगा, नौकरी पर जाते समय, खेल में चोट लग सकती है। भाग्य प्रतिशत-63

**वृषभ** – पैतृक सम्पत्ति का जल्दी बँटवारा सम्भव हैं, गलत मित्रों की संगति से फंस सकते हैं सावधान रहें, विदेश पढ़ने, बसने का सपना पूरा होगा। भाग्य प्रतिशत-56

**मिथुन** – काम में मन लगेगा, कुछ कार्य भाग्य की प्रबलता के चलते हो जाएंगे, उपलब्धि पर गर्व कर सकेंगे, अच्छे लोगों से संपर्क और आय का साधन बनेगा। भाग्य प्रतिशत-74

**कर्क** – जीवन के अर्थ को समझेंगे, परिवर्तन, असुरक्षा, नाकामयाबी को पीछे छोड़ देंगे, पहले के बने समबधो से आय होगी,आमदनी बढ़ाने के तरीको पर भी विचार करेंगे। भाग्य प्रतिशत-61

**सिंह** – चिंतन बढ़ेगा,लोगों से अलग थलग रहेंगे,तरक्की का कुछ अलग ही रास्ता खोज रहे हैं,इकोनोमिक्स, विद्युत, एडमिनिस्ट्रेशन क्षेत्र में प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-64

**कन्या** – मेनेजमेंट में आशातीत सफलता मिलेगी, हॉस्पिटल मेनेजमेंट,एचआर,सिविल कॉन्ट्रैक्टर जैसे क्षेत्र में उन्नति होगी,जीवनसाथी की ईच्छा भी पूरी करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**तुला** – कब क्या करना है इसका प्रबंधन करेंगे, ऊर्जा से लबरेज रहेंगे, पाइल्स जैसे रोग परेशान कर सकते हैं, किसी चीज के परीणाम की प्रतीक्षा रहेगी। भाग्य प्रतिशत-67

**वृश्चिक** – नौकरी में पदोन्नति इंतजार कर रही है,संतान, प्रेम समबन्ध में शिथिलता, उच्च शिक्षा में परेशानी आ सकती है, माता की सेहत प्रभावित होगी। भाग्य प्रतिशत-55

**धनु** – जीवन का लक्ष्य साफ नजर आएगा, उधर ही प्रयास करेंगे, मानसिक दृढ़ता भी बढ़ेगी, सरकारी कार्य द्वारा उन्नति होगी, अच्छी नौकरी मिल जाएगी। भाग्य प्रतिशत-69

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें, घरेलू जिम्मेदारी बढ़ेगी, प्रेम समबन्ध में साथी व्यवहारिक मिलेगा, नई चीजों को मन से सीखे, पुरानी बातें ना करें। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** – सहनशीलता बढ़ानी होगी, लोगों की उम्मीद अधिक रहेगी,कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी का लाभ मिलेगा, चिकित्सक, ठेकेदार,आयुर्वेदिक दवा,मदिरा व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-66

**मीन** – गुप्त ज्ञान,आध्यात्म से जुड़ने के इच्छुक रहेंगे,भावुकता भी रहेगी, पिता की बात मानेंगे, उत्तम कुल में विवाह भी तय हो सकता हैं। भाग्य प्रतिशत-60



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# जरूरतमंद कन्याओं की शिक्षा व गरीब कन्याओं की शादी के लिए बनाई गई समृद्धि योजना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा गांव नगला फिरोज मोहनपुर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज की जरूरतमंद बालिकाओं की शिक्षा व गरीब कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता करने का फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जगदीश दत्त व संचालन यतिदेव शर्मा ने किया। विनोद मिश्रा ने कहा कि गरीब ब्राह्मण कन्याओं के विवाह के लिए 'कन्यादान समृद्धि योजना' चलाई जाएगी।



इस मौके पर सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ रोष व्याप्त किया और शासन प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके अलावा महिलाओं को सिलाई मशीन भी प्रदान की गई। इस मौके पर यश शर्मा,जयदत्त शर्मा,प्रेमचंद्र शास्त्री,प्रमोद कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सीडीआरएस ग्लोबल स्कूल में हुआ जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**








**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** मुरादनगर स्थित सीडीआरएस ग्लोबल स्कूल में प्रथम जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के संस्थापक दयानंद त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संजीव त्यागी भाजपा नेता, नितिन गोयल पूर्व मंडल अध्यक्ष, राहुल गोयल मंडल अध्यक्ष, मनोज शर्मा भाजपा नेता, मोहित त्यागी मंडल महामंत्री, सोनिया त्यागी मंडल उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र त्यागी ने बताया के इस प्रतियोगिता में पारंपरिक योग एवं व्यक्तिगत योग में 22 विद्यालय के लगभग 300 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया। विद्यालय के मेनेजर भीष्म सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम ना केवल योगासन को एक प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में स्थापित करने का प्रयास है बल्कि इसके माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन के महत्व को भी रेखांकित करता है। इस आयोजन में प्रधानाचार्या आकांक्षा त्यागी ने सभी प्रतिभागियों से बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया साथ ही सभी से खेल भावना का पालन करते हुए अपनी प्रस्तुति देने को कहा। अनुभवी निर्णायक मंडल द्वारा आसनों की शुद्धता, स्थिरता और समय के आधार पर प्रतिभागियों को अंक प्रदान किए गए, जिससे प्रतियोगिता का स्तर ओर अधिक प्रभावशाली रहा। आयोजन को सफल बनाने मे मुख्य रूप से कोरडिनेटर निधि चौधरी एवं पिंकी त्यागी, पीटी टीचर आयुषी त्यागी, गौरव रावत एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# मुरादनगर के रावली कलां निवासी "सोनू त्यागी" की वेब सीरीज में दिग्गज फिल्म स्टार "राकेश बेदी" निभाएंगे खास भूमिका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** मुरादनगर क्षेत्र के गांव रावली कलां निवासी और वर्तमान में मुंबई में सक्रिय अवॉर्ड-विनिंग लेखक, निर्देशक और निमार्ता सोनू त्यागी की बहुप्रतीक्षित स्पिरिचुअल वेब सीरीज "टू ग्रेट मास्टर्स" में धुरंधर से चर्चित अभिनेता राकेश बेदी एक महत्वपूर्ण





फिल्म निर्देशक सोनू त्यागी फिल्म कलाकार राकेश बेदी

भूमिका निभाते नजर आएंगे। राकेश बेदी हाल ही में सुपरहिट फिल्म धुरंधर और उसकी सफल सीक्वल धुरंधरः द रिवेंज से चर्चा में हैं। सोनू त्यागी प्रमुख फिल्म निर्माण और सेलिब्रिटी मैनेजमेंट कंपनी एप्रोच एंटरटेनमेंट और आध्यात्मिक संस्था गो स्पिरिचुअल के संस्थापक है। यह वेब सीरीज भारत के दो महान आध्यात्मिक महापुरुषों–स्वामी विवेकानंद और परमहंस योगानंद–के जीवन, विचारों और शिक्षाओं पर आधारित है। समकालीन अंदाज में प्रस्तुत की गई यह सीरीज आज की पीढ़ी तक आध्यात्मिकता, आत्मविकास और जीवन के गहरे संदेशों को पहुँचाने का प्रयास करती है।

एम.एम.एच कॉलेज, गाज़ियाबाद से मनोविज्ञान (Psychology) में स्नातक सोनू त्यागी ने "टू ग्रेट मास्टर्स" को क्रिएट, सह-निर्मित और सह-निर्देशित किया है। वे आगामी अंतरराष्ट्रीय फिल्म लिबरेशन के सह-निमार्ता भी हैं, और जल्द रिलीज होने वाली फिल्म कैंप डिसेंट में क्रिएटिव प्रोड्यूसर की भूमिका निभा रहे हैं, जिसमें बृजेंद्र काला, राजपाल यादव, सारा खान और हेमंत पांडेय मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। "टू ग्रेट मास्टर्स" का निर्देशन अनुराग शर्मा और सोनू त्यागी ने संयुक्त रूप से किया है। अब निमार्ता इसे और अधिक भव्य रूप में कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, टेलीविजन और डिजिटल माध्यमों पर रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं। राकेश बेदी का इस सीरीज से जुड़ना इसे और भी खास बनाता है। उनकी सहज प्रस्तुति, अनुभव और लोकप्रियता दर्शकों को इस आध्यात्मिक यात्रा से गहराई से जोड़ने का काम करेगी। सोनू त्यागी ने कहा, कि मैं बेहद खुश हूं कि राकेश बेदी= जी "टू ग्रेट मास्टर्स" का हिस्सा बने हैं। धुरंधर और धुरंधरः द रिवेंज की बड़ी सफलता के बाद उनका जुड़ना इस प्रोजेक्ट को नई ऊंचाई देगा। हमारा उद्देश्य स्वामी विवेकानंद और परमहंस योगानंद के प्रेरणादायक विचारों को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुँचाना है।

**कौन है सोनू त्यागी ?**

सोनू त्यागी एक अवॉर्ड-विनिंग लेखक, निर्देशक, निमार्ता और उद्यमी हैं। उन्होंने मनोविज्ञान में स्नातक करने के साथ विज्ञापन प्रबंधन, पत्रकारिता और फिल्म निर्माण की शिक्षा भी प्राप्त की है। वे अप्रोच एंटरटेनमेंट ग्रुप और गो स्पिरिचुअल के संस्थापक हैं। हाल ही में उन्हें मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए ह्टॉप मोस्ट लीडर इन मेंटल हेल्थह्व अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

**वेब सीरीज में ये कलाकार भी आएंगे नजर**

"टू ग्रेट मास्टर्स" में अनुराग शर्मा, दीप शर्मा, पावली कश्यप और दुर्गा कम्बोज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। यह सीरीज लेखक अमृत गुप्ता की चर्चित पुस्तक टू ग्रेट मास्टर्स पर आधारित है। वेब सीरीज जल्द ही मल्टी-प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार की जा रही है।

# मेरठ रोड ओवर ब्रिज पर दस दिन ट्रैफिक रहेगा बंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** लोक निर्माण विभाग द्वारा मेरठ रोड स्थित ओवर ब्रिज की मरम्मत कराई जायेगी। जिस कारण ओवर ब्रिज पर दस दिनों के लिए यातायात पूर्णतया बंद रहेगा। अब इस स्थिति में मेरठ जाने वाले वाहनों को तातारपुर बाईपास से होते हुए मेरठ जाना होगा। आपको बता दें,कि राष्ट्रीय राजमार्ग 335 ए पर मेरठ रोड पर दिल्ली लखनऊ व मेरठ खुर्जा रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज बना हुआ है। जिसकी पिछले कई वर्षों से मरम्मत तक नहीं हुई है। जिस कारण कई जगह पुल क्षतिग्रस्त होने लगा है। जिससे हादसा होने की संभावना बनी रहती है। वहीं पुल पर वाहन रुकने पर हिलने लगते है। जिसकी शिकायत वाहन चालकों व जनता सम्बंधित विभाग व जनप्रतिनिधियों से भी की थी।

- **ओवर ब्रिज की मरम्मत के कारण बंद रहेगा ट्रैफिक**
- **मेरठ जाने वाले वाहनों को तातारपुर बाईपास से जाना होगा मेरठ**



अब लोक निर्माण विभाग ने मेरठ रोड स्थित ओवर ब्रिज की मरम्मत कराने के लिए आज 14 मई से आगामी 23 मई तक ब्रिज पर वाहनों का आवागमन पूर्णतया बंद रहेगा। मेरठ जाने वाले वाहनों को तातारपुर बाईपास से होकर मेरठ जाना होगा। ओवर ब्रिज के बंद होने के कारण पुल पार रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि मेरठ रोड स्थित ओवर ब्रिज के जोड़ों को बदला जायेगा। जिसके लिए 14 मई से 23 मई तक ओवर ब्रिज को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। इस कार्य को कराने के लिए कान्टेक्टर दिया गया है। जिसके द्वारा दस दिनों में कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। ओवर ब्रिज की मरम्मत पर 34 लाख की धनराशि खर्च होगी।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर मांट विधायक राजेश चौधरी बने फरिश्ता, घायल युवकों को पहुंचाया अस्पताल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मथुरा (मोइनुद्दीन कुरैशी)।** यमुना एक्सप्रेसवे पर देर रात हुए सड़क हादसे के बीच मांट विधायक राजेश चौधरी ने संवेदनशीलता और मानवता का परिचय देते हुए घायल युवकों की मदद कर एक मिसाल पेश की। गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़े युवकों को देखकर विधायक ने अपना काफिला रुकवाया और तुरंत राहत कार्य शुरू कराया। बताया जा रहा है कि विधायक राजेश चौधरी नोएडा से मथुरा लौट रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेसवे पर सड़क किनारे दो युवक घायल अवस्था में पड़े दिखाई दिए। हादसे के बाद दोनों युवक दर्द से तड़प रहे थे और उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी।

मौके की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने बिना समय गंवाए अपने सहयोगियों के साथ दोनों घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। साथ ही तत्काल पुलिस प्रशासन और एंबुलेंस सेवा को सूचना दी गई। विधायक खुद मौके पर खड़े रहकर राहत कार्य की निगरानी करते रहे। कुछ ही देर में एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घायल युवक टप्पल क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी हैं। समय रहते मदद मिलने पर परिजनों ने विधायक राजेश चौधरी का आभार जताया।विधायक ने कहा कि सड़क हादसों में घायल लोगों की मदद करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हादसा देखकर नजरअंदाज न करें, बल्कि तुरंत मदद के लिए आगे आएं। साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और सावधानी बरतने की भी सलाह दी। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने विधायक की तत्परता की जमकर सराहना की। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि का ऐसा मानवीय चेहरा समाज के लिए प्रेरणा है।

# मथुरा दौरे पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री, विकास कार्यों और जनसमस्याओं पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर मथुरा पहुंचे, जहां भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।



पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर कार्यकर्ताओ ने फूल-मालाओं और दुपट्टा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और जनता से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

# मथुरा में बड़ा हादसा टला: भूतेश्वर रेलवे पुल पर गिरा लोहे का गार्डर, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा ( मोइनुद्दीन कुरैशी)।** भूतेश्वर रेलवे पुल क्षेत्र में बुधवार सुबह रेलवे निर्माण कार्य के दौरान अचानक भारी लोहे का गार्डर गिरने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते यातायात रोक दिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए इलाके में लंबा जाम लग गया, हालांकि प्रशासन और यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को जल्द नियंत्रित कर लिया। जानकारी के अनुसार मथुरा में रेलवे की चौथी लाइन निर्माण परियोजना का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते भारी वाहनों की एंट्री रोकने के लिए रेलवे पुल के पास लोहे का गार्डर लगाया गया था। सुबह करीब साढ़े छह बजे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली गार्डर की सपोर्ट संरचना से टकरा गई, जिसके बाद गार्डर अचानक नीचे झुककर गिर पड़ा।



घटना के समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो चुकी थी, जिससे कुछ देर के लिए भूतेश्वर से डीग गेट तक यातायात प्रभावित रहा। स्कूल का समय होने के कारण छात्रों, अभिभावकों और दफ्तर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन सड़क पर फंस गए।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी, स्थानीय प्रशासन और यातायात पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने तत्काल सुरक्षा घेरा बनाकर यातायात को डायवर्ट कराया और भारी मशीनों की मदद से गिरे हुए गार्डर को हटाने का काम शुरू कराया।

सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का काफिला भी इसी मार्ग से होकर गुजरने वाला था। इसे देखते हुए प्रशासन पहले से अलर्ट मोड पर था। अधिकारियों की सक्रियता के चलते कुछ ही समय में यातायात दोबारा सुचारु करा दिया गया। रेलवे कर्मचारियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से गार्डर की सपोर्ट संरचना क्षतिग्रस्त हुई, जिसके चलते यह घटना हुई। फिलहाल रेलवे विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है।

# मथुरा में गंगा दशहरा और बकरा ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा से साफ-सफाई तक बनाई गई विशेष कार्ययोजना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन कुरैशी )।** गंगा दशहरा और बकरा ईद (ईद-उल-अजहा) पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मथुरा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सोमवार को जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं और बिजली व्यवस्था को लेकर विस्तृत तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की भी बात कही गई।

सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि गंगा दशहरा को देखते हुए मथुरा नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर अतिरिक्त गोताखोर तैनात किए जाएंगे। पुराने सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराया जा रहा है, जबकि आवश्यकता वाले स्थानों पर नए कैमरे लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाकों और घाटों पर बैरिकेडिंग की जाएगी तथा पर्याप्त पुलिस बल



तैनात रहेगा। पुलिसकर्मियों की ड्यूटी का विशेष चार्ट तैयार किया जा रहा है ताकि त्योहारों के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था सुचारु बनी रहे। नगर निगम को साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग को इमरजेंसी सेवाएं सक्रिय रखने और विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का अनुमान है कि गंगा दशहरा के अवसर पर इस बार करीब 5 से 6 हजार श्रद्धालु मथुरा पहुंच सकते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने की कवायद तेज कर दी है।

**चला बुलडोजर** — सपा नेता के घर पर चला बुलडोजर,कार्यकर्ता में आक्रोश

# आरोप,गांव हैदरपुर नंगौला में सरकारी भूमि पर बना सपा नेता का घर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड स्थित गांव हैदरपुर नंगौला में सरकारी भूमि पर बने समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष के घर पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बुलडोजर चलवाया गया। कार्रवाई की जानकारी मिलने पर सपा नेताओं ने गांव ओर कूच किया। जिन्हें गांव में जाने से पुलिस बल द्वारा रोक दिया गया। तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। सपा नेताओं का आरोप है,कि राजनैतिक द्वेष के कारण एकतरफा कार्रवाई की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अययूब सिद्दकी का घर मोदीनगर रोड स्थित गांव हैदरपुर नंगौला में स्थित है। आरोप है,कि गांव में तालाब की सरकारी भूमि पर सपा नेता का घर बना है। बताया गया कि गांव में तालाब की भूमि पर करीब 42 मकान बने हुए है। जिन्हें जिला प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

- **गांव में तनाव,भारी पुलिस बल तैनात,सपाईयों को गांव में जाने से रोका गया**
- **गांव में करीब 42 घर सरकारी भूमि पर बने,सभी को नोटिस जारी किया था**
- **राजनैतिक दवाब के कारण एक तरफा कार्रवाई की गई:पीड़ित सपा नेता**







बुधवार की सुबह अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर,सदर एसडीएम इला श्रीवास्तव,सदर तहसीलदार स्वाति गुप्ता व नायब तहसीलदार नितिन कुमार पुलिस बल व बुलडोजर के साथ गांव हैदरपुर नंगौला में पहुंचे। आरोप है,कि केवल सपा नेता के घर को निशाना बनाते हुए बुलडोजर चलवा दिया। सपा नेता के घर पर बुलडोजर चलने से ग्रामीणों व सपा नेताओं में आक्रोश फैल गया। उन्होंने कार्रवाई का विरोध किया। जिसे देखते हुए गांव में आने के सभी मार्गों को बंद कर दिया,और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

**मामला कोर्ट में विचाराधीन**

पीड़ित सपा नेता अययूब सिद्दीकी ने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद भी जिला प्रशासन ने उनके मकान पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलवाया गया। यह कार्रवाई राजनैतिक दबाव के कारण एक तरफा कार्रवाई की गयी है।

**सपा नेताओं को गांव में जाने से रोका**

जिला जिला उपाध्यक्ष के घर पर बुलडोजर चलवाने की जानकारी मिलने पर कार्यकताओं में आक्रोश पनप गया,और उन्होंने गांव की ओर कूच कर दिया। सपा जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर,पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल प्रमुख,इकबाल कुरैशी,प्रदेश सचिव संजय यादव,अनिल आजाद,कमाल मन्सूरी,वसीम मेवाती आदि कार्यकताओं को रोक दिया गया। इसके अलावा कुछ नेताओं को हाउस अरेस्ट भी रखा गया।

**अधिकारियों का कहना**

उक्त मामले के सम्बंध में प्रशासनिक अधिकरी एडीएम,एसडीएम व तहसीलदार,नायब तहसीलदार से फोन पर संपर्क पर करने का प्रयास किया। लेकिन किन्हीं कारणों से उनका फोन रिसीव नहीं हो सका।

# सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के पिता का निधन,क्षेत्र में शोक की लहर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (मोहम्मद काशिफ)।**



**फाइल फोटो अकबर हुसैन**

समाजवादी पार्टी (सपा) के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के पिता एवं पूर्व प्रधान अकबर हुसैन का लगभग 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

अकबर हुसैन अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों के लिए क्षेत्र में सम्मानित माने जाते थे। पूर्व प्रधान के रूप में उन्होंने गांव और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

इस दुखद समाचार पर स्थानीय राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

सपा कार्यकर्ताओ और समर्थकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दुआ करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में उच्च शिक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (मोहम्मद काशिफ)।** बहजोई, मंगलवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में उच्च शिक्षा के महत्व और उसके प्रचार-प्रसार को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए शिक्षकों ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में डॉ. अमृतेश अवस्थी ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को संस्कारवान बनाती है और उच्च शिक्षा सफलता के नए द्वार खोलती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर, सिविल सेवा और अन्य सामाजिक सेवा क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए उच्च शिक्षा बेहद आवश्यक है। उच्च शिक्षित व्यक्ति नौकरी, व्यापार और पारिवारिक जिम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकता है। हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्ति को चेतनावान और तार्किक बनाती है। उच्च शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्चना बंसल ने महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जब एक लड़की पढ़ती है तो पूरी पीढ़ी शिक्षित होती है। शिक्षित नारी परिवार और समाज दोनों को मजबूत बनाती है।

कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) योगेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित की जा रही श्रृंखला का हिस्सा रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में नामांकन दर बढ़ाने के साथ-साथ एमजीएम महाविद्यालय में छात्र संख्या में वृद्धि करना है, कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# चंडीगढ़ में चंदौसी के युवक की चाकू मारकर हत्या,परिवार में मचा कोहराम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** चंडीगढ़ में मजदूरी करने वाले चंदौसी निवासी 18 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की चंदौसी में रह रही ताई विमला देवी ने पूरी घटना की जानकारी दी।

ताई विमला देवी के अनुसार डेहरिया मोहल्ला निवासी सूरज पुत्र मुकेश पिछले करीब दस वर्षों से अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। वह रेलवे स्टेशन के सामने स्थित एक दुकान पर काम करता था और परिवार का पालन-पोषण करने में सहयोग करता था। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम करीब चार बजे सूरज दुकान से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ अज्ञात युवक, जो शराब के नशे में बताए जा रहे हैं, ने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में सूरज गंभीर रूप से घायल होकर मौके से भाग गया ।



विमला देवी ने बताया कि घटना के दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी वारदात का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सूरज की मौत हो चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# राजकुमार भाटी के बयान पर ब्राह्मण शक्ति संघ में रोष, कार्रवाई की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी पर ब्राह्मण



समाज के खिलाफ सार्वजनिक कार्यक्रम में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। संगठन ने रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं ने कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर को तहरीर सौंपते हुए कहा कि कथित बयान से ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा।

प्रदेश संयोजक मुकेश गौड़ ने कहा कि किसी भी समाज को अपमानित कर राजनीति करना उचित नहीं है। वहीं प्रदेश महामंत्री ने समाजवादी पार्टी नेतृत्व से राजकुमार भाटी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होने पर आगामी चुनावों में समाज ब्राह्मण विरोधी मानसिकता का विरोध करेगा।

तहरीर देने वालों में विवेक मिश्रा, सचिन मिश्रा, विवेक शर्मा गुमथल, अविरल शर्मा, राजकुमार शर्मा, सचिन शर्मा, डॉ. पी.के. पांडेय, निशांत शर्मा, पराग शर्मा, अभिषेक पाराशरी, मुदित शर्मा, निखिल शर्मा, विकास मिश्रा, राम मिश्रा, शरद दुबे, अंकित मिश्रा, सौरभ शर्मा, बृजेश शर्मा कैथल, अमोल शर्मा, योगेश भारद्वाज, राजीव शर्मा, पर्व शर्मा, ओम भारद्वाज और शिरोमणि शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत बुधवार को महिला पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में आयोजित हुआ।



महिला पुलिसकर्मियों ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 समेत अन्य सेवाओं के बारे में पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने और किसी भी समस्या पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

# महिला रिश्तेदार को ब्लैकमेल कर रचा गया बड़ा षड्यंत्र!

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक महिला रिश्तेदार को कथित तौर पर ब्लैकमेल कर उसके जरिए कई निर्दोष लोगों को मुकदमों में फंसाने का षड्यंत्र रचे जाने का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी

**मौसी और भांजे पर कई बेकसूर लोगों को फंसाने का आरोप , वायरल वीडियो से मचा हड़कंप**

से वायरल हो रहा है, जिसने इलाके में हड़कंप मचा दिया है।

सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो में साफ तौर पर कुछ लोग आपस में साजिश की बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि




वीडियो में नजर आ रहा व्यक्ति पीड़िता के मामा का लड़का है,

जो बातचीत के दौरान अपनी मौसी की भूमिका का भी जिक्र करता सुनाई दे रहा है।

जानकारों का कहना है कि इस पूरे प्रकरण में मुख्य भूमिका कथित तौर पर मौसी की बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि जब कथित षड्यंत्रकारी अपने पहले प्रयास में सफल नहीं हुए, तो उन्होंने एक और नई साजिश रची और पीड़ित महिला के पति समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज करा दिया। मामले में यह भी चर्चा है कि महिला पर लगातार दबाव बनाया गया, जिसके चलते वह मजबूरी में उनके कहने पर कदम उठाने को बाध्य हुई।

वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पूरे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस वीडियो की निष्पक्ष और गहराई से जांच करे, तो कई बेकसूर लोगों को न्याय मिल सकता है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश व धरपकड़ जारी है। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक संवेदनशील बना दिया है।

**सवाल यह भी**

क्या महिला को ब्लैकमेल कर इस्तेमाल किया गया?

क्या निर्दोष लोगों को साजिश के तहत मुकदमों में फंसाया गया?

वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों की भूमिका क्या है?

अब सभी की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं।

# हिंसा से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान, तीखी नोंकझोंक, अगली सुनवाई 16 मई को

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (मौ.फिरोज)।** जनपद न्यायालय में बुधवार को संभल हिंसा से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत का माहौल काफी गर्मा गया। सुनवाई के दौरान अनुज चौधरी की गवाही को लेकर सरकारी पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। विवादित टिप्पणियों के कारण स्थिति तनावपूर्ण देख न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने हस्तक्षेप किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को न्यायालय की गरिमा और मयार्दा बनाए रखने की सख्त नसीहत दी। हंगामे और बहस के बीच कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 मई की तारीख तय कर दी है।

# मीटर से पहले केबल काटकर हो रही थी बिजली चोरी, प्रवर्तन दल ने दो लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** संभल में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रवर्तन दल ने कार्रवाई करते हुए दो उपभोक्ताओं को अवैध तरीके से बिजली चोरी करते पकड़ा है। टीम ने मौके पर जांच के दौरान पाया कि उपभोक्ताओं ने मीटर से पहले केबल काटकर सीधे अवैध केबल जोड़ रखी थी। दोनों मामलों में पांच किलोवाट से अधिक भार पर बिजली चोरी पकड़ी गई है। आरोपितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस महानिदेशक सतर्कता एवं पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निर्देश पर जिले में बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमांचल डिस्कॉम मेरठ और क्षेत्राधिकारी मुरादाबाद के निर्देशन में प्रभारी प्रवर्तन दल संभल की टीम ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान थाना नखासा क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय स्थित खजूर वाली मस्जिद के पास रहने वाले उपभोक्ता शहजाद अख्तर पुत्र शहरोज अख्तर के परिसर की जांच की गई। यहां टीम को पता चला कि स्वीकृत विद्युत संयोजन की सर्विस केबल को मीटर से पहले काटकर अवैध रूप से अतिरिक्त केबल जोड़कर बिजली चोरी की जा रही थी। मौके पर 7.700 किलोवाट भार पाया गया। इसके अलावा इसी क्षेत्र में दूसरे उपभोक्ता मोहम्मद आरिफ पुत्र नस्सल इस्लाम के परिसर की जांच की गई। यहां भी टीम ने मीटर से पहले अवैध केबल जोड़कर बिजली चोरी पकड़ी। जांच में 15.548 किलोवाट भार दर्ज किया गया। दोनों उपभोक्ताओं के खिलाफ नियमानुसार विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रवर्तन दल के अधिकारियों ने बताया कि जिले में बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन का ही प्रयोग करें। बिजली चोरी पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई के साथ भारी जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

अभियान में प्रभारी प्रवर्तन दल राजेश कुमार, अवर अभियंता विकास कुमार, हेड कांस्टेबल विनीत कुमार, मुख्य हेड कांस्टेबल परम भाटी, कांस्टेबल गौरव तोमर और राहुल सैनी शामिल रहे।

# अचानक मौसम बिगड़ने से छाया अंधेरा, चारों ओर धुंध ही धुंध

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (मोहम्मद फिरोज )।** मंगलवार



को अचानक मौसम का बिगड़ा मिजाज अचानक मौसम इस तरह बिगड़ा कि लोगों ने कल्पना भी नहीं की होगी कि। अचानक। तेज हवाओं के साथ काला बादल काली घटाओ के साथ पूरे शहर सम्भल को दिन में रात का नजारा देख ने को मिला ऐसा नजारा ना देखा था न सुना था शहर की सभी सड़कों पर निकल ने वाले सभी बहनों की लाइटें जलती हुई देखी गई और सभी मकानों और दुकानों की लाइटें जलती दिखी राहगीरों को कहीं आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा शहर के अंदर लगभग कुछ समय यही हाल देखने को मिला बस लोगों में यही जगह जगह यही चलता रहा और फिर दोपहर बाद सूरज ने फिर मौसम को गरम कर दिया।

# उप निरीक्षक फहीम अंसारी थाना गजरौला को कॉप ऑफ द मन्थ माह अप्रैल 2026 की उपाधि से सम्मानित किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव द्वारा जनपद अमरोहा में माह अप्रैल में थाना प्रभारी सैदनगली विकास कुमार व सर्किल धनौरा क्षेत्रान्तर्गत उप निरीक्षक फहीम अंसारी थाना गजरौला को कॉप ऑफ द मन्थ माह अप्रैल 2026 की उपाधि से सम्मानित किया गया। जनपद अमरोहा में 01जुलाई 2025 से प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों तथा 01 अगस्त 2025 से उपनिरीक्षकगणों के कार्यों के मूल्यांकन हेतु ऑबजेक्टिव इवेल्यूऐशन सिस्टम लागू किया गया है तथा इससे कार्य में प्रोफेशनलिज्म बढ़ा है तथा टार्गेट ओरियेन्टेड पुलिसिंग बढ़ी है । पुलिसकर्मियों के बीच पॉजिटिव कॉम्पिटिशन को बल दिया गया है जिससे पुलिस कार्यों में गुणवत्ता बढे साथ ही जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो। जनपद अमरोहा में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष व उप निरीक्षक गण के मध्य जनपद स्तर पर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न हुई जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए ।इस सिस्टम में प्रत्येक थाना प्रभारी द्वारा किये जा रहे कार्यों के अंक दिये जाते है जैसे गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही के 10 अंक, गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही के 50 अंक, नयी खोली गई



हिस्ट्रीशीट के 02 अंक, एनबीडब्लू की गिरफ्तारी के 10 अंक आदि तथा उप निरीक्षक गण द्वारा किये जा रहे कार्यों के अंक दिये जाते है जैसे धारा 126/315 इठरर के अन्तर्गत कार्यवाही के 05 अंक, नान बेल एबल /वांछित(07 वर्ष से अधिक सजा) की गिरफ्तारी के अंतर्गत कार्यवाही के 20 अंक, रिकवरी वारंट के 20 अंक, एस आ ई डी जनरेट कर एफआईआर से लिंक करने के 10 अंक आदि शामिल हैं । थाना प्रभारी सैदनगली उप निरीक्षक विकास कुमार द्वारा कुल 2104.4 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है जिस में थाना सैदनगली पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना से न्यायालय द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म से संबंधित अभियोगी अभियुक्त को 60 दिन के भीतर आजीवन कारावास ।

# पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के कुशल निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की गयी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के कुशल निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की गयी।यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ा प्रहार करते हुए यातायात पुलिस द्वारा पटाखों जैसी तेज ध्वनि उत्पन्न करने वाले मोडिफाइड साइलेंसर,मानक के विरुद्ध नंबर प्लेट (दोषपूर्ण/फॉल्टी नंबर प्लेट), तीन सवारी , बिना हेल्मेट तथा वाहनों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कुल 580 चालान किए गए ।एवं शहर के चौराहो तथा तिराहो से अतिक्रमण हटवाया गया ।गजरौला क्षेत्र में सडक के किनारे नो-पार्किंग में खडे वाहनो के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी ।यातायात पुलिस द्वारा स्पीड लेजर गन से ओवर स्पीड मे चलते 240 वाहनो के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी ।जोया




पुल के नीचे नो पार्किंग में मार्ग अवरुद्ध कर बिना परमिट के अनधिकृत रूप से सवारी भर रही एक ईको गाड़ी सीज कर थाना डिडौली पर दाखिल किया गया .एवं जनमानस को जागरूक करने हेतु साइन बोर्ड लगाए गए जिन पर वाहन गति के अतिरिक्त अन्य निर्देश भी लिखे गए हैं ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

**तेज तूफान** कम्पोजित विद्यालय के प्रांगड़ में लगे पेड़ को तूफान ने उखाड़ा ,बाल बाल बचे बच्चे, स्कूल में हुआ जल भराव

# भारी तुफान से जड़ों से उखड़े पेड़,आवागमन में भारी परेशानियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** आज दिन मे बारिश के साथ तेज तूफान से भारी नुक्सान हुआ साथ साथ लोग भी जख्मी हुए हैं।

संभल चंदोसी रोड पर काफी मात्रा में पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ है,वही थाना वनिया ठेर क्षेत्र के गांव थरैसा जयसिंह में कम्पोजित विद्यालय में विशाल काय पेड़ गिरने से स्कूली बच्चे बाल बाल बचे गनीमत रही तूफान के आने पर सभी बच्चे कमरों के अंदर चले गए,वही स्कूल के सामने भी एक बडा पेड गिरने से रास्ता बंद हो गया।

**कहां पर हुआ नुक्सान और हादसा**

आटा चौकी क्षेत्र के गांव कासमपुर जगरुप में एक पीपल का पेड मकान पर गिरने से छत की पटिया







टूटने से एक व्यक्ति जख्मी हो गया।

गांव थरैसा जयसिंह में राजेश ठाकुर के नवनिर्माण मकान की दीवार गिरने से एक बडा हादसा टला गनीमत रही की काम कर रहे मजदूर दूसरी तरफ बैठे थे बरना हो सकता था बडा हादसा। बदलते मौसम से आम जन को राहत तो मिली परन्तु प्राकृति को भारी नुकसान पहुंचा है जनपद में भारी मात्रा में पेड़ों को नुक्सान हुआ लोगों को असुविधा का भी सामना करना पड़ा।

# 23 माह बेमिसाल : डीएम डॉ. राजेन्द्र पेंसिया के नेतृत्व में सम्भल ने रचा विकास का नया इतिहास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पेंसिया के लगभग 23 माह के कार्यकाल में जनपद सम्भल ने विकास, शिक्षा, नवाचार एवं सुशासन के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल कीं। जनपद के गठन के बाद यह कार्यकाल सम्भल के लिए स्वर्णिम काल के रूप में देखा जा रहा है।

डीएम डॉ. पेंसिया के नेतृत्व में सम्भल को नीति आयोग की ओर से 4 सिल्वर मेडल एवं प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए। वर्ष 2025 में जनपद को "Nexus of Good" वार्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्भल को दिव्यांग सशक्तिकरण राज्य स्तरीय पुरस्कार 2025 माननीय मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त हुआ।



शिक्षा के क्षेत्र में भी सम्भल ने नई पहचान बनाई। असमोली ब्लॉक स्थित पीएम श्री विद्यालय इटालिया माफी ने वर्ष 2025 में पूरे प्रदेश में पीएम श्री विद्यालयों में सर्वाधिक नवीन नामांकन दर्ज कर सम्मान प्राप्त किया। वहीं जनपद के 16 पीएम श्री विद्यालयों में 150 शैक्षिक एवं आधारभूत संरचना इंडिकेटर्स पर कार्य कर प्रदेश में एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवार्ड के अंतर्गत अ२स्त्र१३ड्ढल्लं’ श्रेणी में सम्भल के 10 विकास खंडों तथा Holistic Development श्रेणी में जनपद सम्भल ने देश के शीर्ष 10 जिलों में स्थान प्राप्त कर नई उपलब्धि हासिल की। डीएम डॉ. पेंसिया के कार्यकाल में सम्भल स्थापना दिवस पर कल्कि महोत्सव का शुभारम्भ भी हुआ, जिसने जनपद की सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा दी।

इसके अतिरिक्त उनके मार्गदर्शन में 1 पुष्प 1 पुस्तक, क, ख, ग, घ मिशन, भीख से सीख, ABC-DOT", "भरोसे की पर्ची, "Sambhal Samvaad App" जैसे कई नवाचार शुरू किए गए। साथ ही जनपद के प्रमुख तीर्थस्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं विद्युत चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए गए।

जनपदवासियों का मानना है कि डॉ. राजेन्द्र पेंसिया का कार्यकाल सम्भल के विकास, सुशासन और जनहितकारी कार्यों के लिए लंबे समय तक याद किया जाएगा।

# ढाबे पर युवकों से मारपीट के आरोप में दो पुलिसकर्मी सस्पेंड, जानी क्षेत्र की घटना के बाद जांच शुरू, मोबाइल तोड़ने का भी आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** जानी थाना क्षेत्र के भोला झाल स्थित एक




ढाबे पर पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रोहटा थाने में तैनात कुछ पुलिसकर्मियों ने ढाबे पर खाना बना रहे यशपाल और सोनू के साथ मारपीट की।
पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना के दौरान कुछ लोगों ने वीडियो बनाने की कोशिश की तो उनके मोबाइल फोन भी तोड़ दिए गए। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में नाराजगी देखी गई। मामले की जानकारी मिलने पर एसपी अविनाश पांडे ने कार्रवाई करते हुए दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# विधान परिषद समिति ने तीन जिलों के अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** विकास भवन सभागार में मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक

**▶▶ जनप्रतिनिधियों से तालमेल बनाकर करें विकास कार्य : वंदना वर्मा**
**▶▶ जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : वंदना वर्मा**

की अध्यक्षता समिति की सभापति वंदना वर्मा ने की। इसमें मेरठ, बागपत और बुलंदशहर के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने सभापति और समिति के सदस्यों का स्मृति चिन्ह, पौधा और शॉल भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न विभागों के लंबित मामलों और जनहित से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की गई।




सभापति वंदना वर्मा ने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए और लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। समिति ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों और प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि विकास कार्यों के शिलापट्टों पर संबंधित जनप्रतिनिधि का नाम अवश्य लिखा जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, टीकाकरण अभियान, आवारा पशुओं की समस्या, नगर निगम, मेडा, सिंचाई, ऊर्जा, ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने जनपद में बनाए गए मॉडल स्कूलों की जानकारी देते हुए भरोसा दिलाया कि समिति के निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन कराया जाएगा।
इस दौरान समिति सदस्य संतोष सिंह, वीरेन्द्र सिंह, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# मेरठ में सपा पार्षदों ने जताया शोक, प्रतीक यादव के निधन पर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों द्वारा नगर निगम के पार्षद कक्ष में शोकसभा आयोजित कर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव के सुपुत्र तथा अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया।
इस दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि उनके निधन से समाजवादी परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। नगर निगम पार्षद दल ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।
सभा में यह भी मांग उठाई गई कि मृत्यु के कारणों की निष्पक्ष जांच सीबीआई अथवा इलाहाबाद हाईकोर्ट के किसी वर्तमान न्यायाधीश से कराई जाए, ताकि वास्तविक तथ्यों का पता चल सके।
श्रद्धांजलि सभा में नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष इकरामुद्दीन बालियान, पूर्व पार्षद दल नेता अफजाल सैफी, पार्षद शब्बीर अहमद, बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की राष्ट्रीय सचिव संगीता राहुल, परवेज आलम खान, महानगर समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष संजय यादव, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष शशिकांत गौतम, संजय घायल सहित समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।
यह जानकारी पूर्व पार्षद दल नेता नगर निगम मेरठ समाजवादी पार्टी अफजाल सैफी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

# सुभारती विश्वविद्यालय में स्काउट-गाइड शिविर का भव्य आयोजन, विद्यार्थियों में नेतृत्व और सेवा भावना का हुआ संचार

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शिक्षा संकाय (शिक्षा विभाग) द्वारा जनरल मोहन सिंह स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित स्काउट एवं गाइड शिविर उत्साह, अनुशासन और रचनात्मक गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर विशेष रूप से इ.एं. चौथे सेमेस्टर एवं इ.छ.एं. आठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व कौशल, सामाजिक सेवा, सहयोग और राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान राज्यवार टीम प्रस्तुतियाँ, आकर्षक तंबू सजावट, सांस्कृतिक नृत्य, पारंपरिक व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल तथा विभिन्न टीम-बिल्डिंग गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रत्येक गतिविधि में भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता और संगठन क्षमता का परिचय दिया।
इस अवसर पर ललित कला संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा को शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनोज राज तथा शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी की विशेष उपस्थिति रही, साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के डीन, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।




सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना का विकास भी आवश्यक है। ऐसे शिविर विद्यार्थियों को जीवन के व्यावहारिक मूल्यों से जोड़ते हैं और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। वही विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ भी जीवन में सफलता और व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होती हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्काउट एवं गाइड शिविर का सफल संचालन डॉ. रागिनी श्रीवास्तव (समन्वयक) के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। उनके सुव्यवस्थित प्रबंधन और समर्पण के कारण पूरा कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली एवं अनुकरणीय रूप से संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीबीएसई 12वीं में छात्रों ने लहराया परचम,के.के.पब्लिक स्कूल का रिजल्ट 97 फीसदी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद बुधवार को के.के. पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं की भीड़ लगी रही। सभी छात्र उत्साह के साथ

**अच्छे अंक आने पर छात्रों ने बांटी मिठाई, शिक्षकों का लिया आशीर्वाद**

अपना रिजल्ट देखने पहुंचे। अच्छे अंक आने पर स्कूल में खुशी का माहौल बन गया। छात्रों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और शिक्षकों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।
स्कूल प्रबंधन की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया गया।




स्कूल मैनेजर सुशील कुमार, सचिव संजीव कुमार और प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने बताया कि इस वर्ष स्कूल का रिजल्ट 97 प्रतिशत रहा। साइंस वर्ग में आलिया शाहनवाज ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। मोक्षिका जैन ने 91.8, अर्जुन त्यागी ने 91, इब्राहिम ने 90.6 और भविष्य बंसल ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।कॉमर्स वर्ग में प्रीति जैन और अंशिका जैन ने 90-90 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं अर्णव त्यागी ने 89.4, शिवा ने 89 और स्वस्ति जैन ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जर्मनी और सऊदी अरब में नौकरी का मौका, मेरठ में युवाओं को दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** विदेशों में नौकरी के इच्छुक युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सामने आए हैं। सेवायोजन विभाग की ओर से बुधवार को आईआईएमटी विश्वविद्यालय,

**आईआईएमटी विश्वविद्यालय में करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम, 60 युवाओं ने विदेश में नौकरी के लिए कराया पंजीकरण**

गंगानगर में करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवाओं को जर्मनी और सऊदी अरब में उपलब्ध नौकरियों की जानकारी दी गई।
सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ मंडल ने बताया कि सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर जर्मनी में नर्सिंग और सऊदी अरब में तकनीकी पदों के लिए आवेदन



मांगे गए हैं। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों जय भगवान और परीक्षित ने 60 अभ्यर्थियों का पंजीकरण कराया। सभी अभ्यर्थियों ने विदेश में नौकरी करने की इच्छा जताई।
अधिकारियों ने बताया कि सेवायोजन विभाग लगातार स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। अब तक पांच से अधिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 427 युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई।
वर्तमान में रोजगार संगम पोर्टल पर जर्मनी में 1000 और सऊदी अरब में 91 पद रिक्त हैं। जर्मनी में नर्सिंग के लिए करीब 2.25 लाख रुपये मासिक वेतन निर्धारित है, जबकि सऊदी अरब में विभिन्न पदों के लिए 30 हजार से 2.25 लाख रुपये तक वेतन दिया जाएगा।सेवायोजन विभाग ने युवाओं से रोजगार संगम पोर्टल पर आवेदन करने की अपील की है। साथ ही किसी भी समस्या के समाधान के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर मेरठ में संपर्क करने को कहा गया है।

# जनसुनवाई में एसएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ( जावेद अब्बासी )।** पुलिस कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में एसएसपी डॉ. अविनाश पांडेय ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता और




संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।इस दौरान एसएसपी ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए

**जनसुनवाई में एसएसपी सख्त, बोले—शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसएसपी डॉ. अविनाश पांडेय ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि लोगों का विश्वास जीतना भी है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जाए और पीड़ितों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री की अपील का असर,पूर्व विधायक संगीत सोम ने घटाया काफिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील का असर अब राजनीतिक गलियारों में भी दिखाई देने लगा है। भाजपा के सरधना से पूर्व विधायक संगीत सोम ने अपने काफिले में शामिल कई गाड़ियों



को कम कर दिया है। बुधवार को वह पूरे क्षेत्र में केवल एक वाहन के साथ नजर आए, जिसकी लोगों के बीच खूब चर्चा रही।
पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संदेश पूरी तरह देशहित में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ईंधन की बचत करना बेहद जरूरी हो गया है और हर नागरिक को इसमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सभी लोग छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें और अनावश्यक रूप से वाहनों

**एक वाहन के साथ क्षेत्र में पहुंचे पूर्व विधायक, बोले- ईंधन बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी**

का इस्तेमाल कम करें तो इससे देश को बड़ा लाभ मिल सकता है।
संगीत सोम ने कहा कि देश के संसाधनों का सही उपयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना जरूरत कई गाड़ियों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए और जहां संभव हो वहां ईंधन की बचत करनी चाहिए।
बुधवार को जब संगीत सोम केवल एक गाड़ी के साथ क्षेत्र में पहुंचे तो समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बन गया। लोगों ने इसे प्रधानमंत्री की अपील का पालन बताते हुए सराहा। कई लोगों का कहना था कि यदि अन्य जनप्रतिनिधि और नेता भी इसी तरह पहल करें तो समाज में अच्छा संदेश जाएगा और लोग भी प्रेरित होंगे।
पूर्व विधायक ने कहा कि देश पहले है और देशहित से बढ़कर कुछ नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री स्वयं देशहित में फैसले लेते हैं और लोगों से अपील करते हैं तो सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि वे उनका पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**गोष्ठी** | राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान में युवाओं एवं समाज की सक्रिय भागीदारी पर दिया गया बल

# राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ सहारनपुर में उन्मुक्त भारत की विशेष गोष्ठी आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** अभिनव भारत चैरिटेबल ट्रस्ट की कार्यकारी इकाई उन्मुक्त भारत द्वारा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के अंतर्गत सहारनपुर स्थित सन सिटी ग्रैंड सोसायटी में एक प्रेरणादायी एवं राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सूबेदार सतीश कुमार (सेना मेडल) के निवास पर संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध नागरिकों, समाजसेवियों एवं राष्ट्रहित में कार्य करने वाले जागरूक लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में उन्मुक्त भारत की ओर से श्री ओम सिंह राणा एवं श्रीमती पूनम राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में समाज की सक्रिय भागीदारी, नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने की आवश्यकता पर विस्तार से विचार रखे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से आह्वान किया गया कि वे सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के कुशल मार्गदर्शन में संचालित अभिनव भारत चैरिटेबल ट्रस्ट की कार्यकारी इकाई उन्मुक्त भारतह्न से जुड़कर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। वक्ताओं ने कहा कि एक सशक्त, संस्कारित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और उत्तरदायी होना अत्यंत आवश्यक है। अपने प्रेरणादायी संबोधन में श्री ओम सिंह राणा ने कहा कि सुंदर एवं विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब व्यक्ति अपने व्यक्तिगत चरित्र के साथ-साथ राष्ट्रीय चरित्र को भी मजबूत बनाए। उन्होंने सामाजिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दुर्घटना पीड़ितों की सहायता हेतु प्रारंभ की गई ह्लराहवीर योजनाह्न का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की समय पर सहायता करना प्रत्येक नागरिक का मानवीय एवं राष्ट्रीय दायित्व है। इसके साथ ही उन्होंने माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति सम्मान को भारतीय संस्कृति की आधारशिला बताते हुए युवाओं से अपने संस्कारों एवं परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया। गोष्ठी के दौरान श्री ओम सिंह राणा ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम की गौरव गाथा पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं आजाद हिंद फौज के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि लाखों देशभक्तों के त्याग, बलिदान और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने अखंड भारत की स्वतंत्रता के ऐतिहासिक संदर्भ में 21 अक्टूबर 1943 के महत्व को भी रेखांकित किया तथा उपस्थित जनसमूह को राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। वहीं कार्यक्रम का समापन अखंड भारत के राष्ट्रगान के साथ हुआ। संपूर्ण गोष्ठी सकारात्मक ऊर्जा, राष्ट्रीय चेतना एवं सामाजिक एकता के संदेश के साथ अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला सैनिक बंधु बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की विभिन्न समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये।
पूर्व सैनिकों द्वारा ईसीएचएस अस्पताल, सीएसडी कैंटीन, शस्त्र लाइसेंस, पेंशन तथा अन्य सुविधाओं से संबंधित शिकायतों और प्रस्तावों पर जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से शीघ्र किया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भूतपूर्व सैनिकों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र और प्रभावी कार्यवाही की जाए।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी अंबरीश कुमार, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टिन विवेक कुमार, भूतपूर्व सैनिक एवं कल्याण कार्यकर्ता प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण एवं भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल कक्षा 12 के छात्रों का परिणाम शानदार रहा: छात्रा अनमता ने 92.40 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, कठिन परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी : दीपेश सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल की कक्षा 12 के छात्रों का बुधवार को घोषितपरीक्षा परिणाम शानदार रहा ' केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा जिससे स्कूल और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम के अनुसार हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल की टॉपर छात्रा अनमता ने 92.40 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके साथ ही कक्षा 12 के छात्र मुदित कुमार ने 90 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा 12 के ही छात्र मोहम्मद शाहन अंसारी ने 86.6 % अंक प्राप्त कर हावर्ड कान्वेंट स्कूल को गौरवान्वित किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने उत्कृष्ट एवं




प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ' रेनू बिश्नोई ने संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है इसलिए हमें अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर उसके लिए कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के साथ निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए इससे हमें एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। प्रबंधक दीपेश सिंह ने समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों को उनके कठिन परिश्रम एवं छात्र जीवन सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# 26 मई को "खत्म हो रहा है प्रधानों का कार्यकाल" ग्राम पंचायतों में प्रशासक बैठाए जाने की तैयारी, पंचायतीराज विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में प्रशासक बैठाए जाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पंचायतीराज विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। प्रदेश में विभिन्न कारणों से समय से चुनाव नहीं हो सके। ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के निर्वाचन का कार्यकाल क्रमशः 26 मई, 19 जुलाई और 11 जुलाई को समाप्त हो रहा है। इसलिए ग्राम पंचायतों में इसी माह प्रशासक बैठाने होंगे।उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, पंचायतीराज विभाग ने सरकार के सामने दो विकल्प रखे हैं। पहला, वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक की जिम्मेदारी सौंप दी जाए और दूसरा, एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाया जाए। अंतिम निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा। 22-23 मई तक इस पर फैसला हो सकता है। फिलहाल संभावना अधिक है कि मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक बनाया जाए। प्रदेश में मौजूदा समय में 57694 ग्राम प्रधान हैं।

# परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में "भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर' का 19 मई तक होगा आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 'भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर-2026' शुरू हो रहा है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर आयोजित यह शिविर 19 मई तक चलेगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी डायट प्राचार्यों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयकों को शिविर का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं, लोक संस्कृति, कहानी, कविता, गीत, संवाद, नाटक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने गतिविधियों की सुझावात्मक सूची जारी की है। साथ ही स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रमों को अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर का खर्च विद्यालयों की कंपोजिट ग्रांट से किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य बच्चों में भाषाई कौशल, रचनात्मकता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति जुड़ाव विकसित करना है।

# निपुण भारत मिशन: एआरपी और डायट मेंटर्स का" पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 16 से 20 मई तक लखनऊ" में होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** योगी सरकार प्राथमिक से लेकर तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने पर जोर दे रही है। इसके लिए जहां परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की भाषा व गणितीय क्षमता को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों और अकादमिक सहयोगियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा वहीं प्रत्येक तकनीकी विद्यार्थी के लिए दो इंडस्ट्रियल विजिट अनिवार्य करने की तैयारी है।निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश के चयनित जिलों के एआरपी और डायट मेंटर्स का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 16 से 20 मई तक राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ में होगा। सरकार का फोकस अब केवल स्कूलों में नामांकन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की वास्तविक सीखने की क्षमता को




बेहतर बनाने पर भी है। इसी रणनीति के तहत एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित पढ़ाई और आधुनिक कक्षा संचालन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार प्रशिक्षण में हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों की समझ, कक्षा संचालन, गतिविधि आधारित शिक्षण और बच्चों की सीखने की गति को समझने पर विशेष जोर रहेगा। सरकार का मानना है कि प्रशिक्षित शिक्षक ही बच्चों की भाषा दक्षता, पढ़ने-समझने की क्षमता और गणितीय सोच को बेहतर ढंग से विकसित कर सकते हैं। शिक्षा विभाग का कहना है कि शिक्षक प्रशिक्षण और अकादमिक मॉनिटरिंग को मजबूत कर परिषदीय विद्यालयों में सीखने के स्तर को और बेहतर बनाया जाएगा। आधुनिक शिक्षण तकनीकों और सहभागिता आधारित पढ़ाई का सीधा लाभ बच्चों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय समझ पर दिखाई देगा।

# 16वें वित्त का "40% हिस्सा स्वच्छता-जल पर खर्च" करना होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** 16 वें वित्त आयोग की निधि में एक महत्वपूर्ण बदलाव कर इसका श्रेणीकरण किया जा रहा है। इस नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों को 40 प्रतिशत राशि का खर्च पर्यावरण, स्वच्छता, पेयजल व जल निकासी जैसे कार्यों पर अनिवार्य रूप से करना होगा। कुल राशि में 20 प्रतिशत धनराशि का व्यय ग्राम पंचायत के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा, यदि वह बेहतर कार्य करेंगे तो ही उन्हें धनराशि मिल सकेगी।पंचायत राज व्यवस्था में 15वां पंचायती आयोग का कार्यकाल 26 मई को पूरा होने वाला है। इसके बाद अब16वां वित्त आयोग (2026 से 2031) लागू होगा, जिसमें शासन ने 15वें वित्त आयोग से करीब 84 प्रतिशत अधिक धनराशि का आवंटन किया है लेकिन इसमें कुछ महत्वपूर्ण बदलाव भी किए हैं।16वें वित्त आयोग के लिए अभी पंचायतों का चुनाव होना शेष है, जबकि मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने में सिर्फ 13दिन ही शेष हैं। इसके बाद अब प्रधानों की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति को संचालन का कार्य सौंपे जाने कीसंभावना है। हालांकि अभी तक प्रदेश शासन ने इसकी स्थिति को स्पष्ट नहीं किया है।जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 16वें वित्त आयोग की राशि में एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अब धनराशि का श्रेणीकरण होगा। अब ग्राम पंचायतें पूरी धनराशि को अपने हिसाब से व्यय करती थीं। लेकिन अब 16वें वित्त की कुल धनराशि का 40 प्रतिशत ग्राम पंचायत की स्वच्छता, जल निकासी, वातावरण को शुद्ध करने और शुद्ध पेयजल मुहैया कराने आदि के कार्यों पर व्यय होगा। जिससे ग्राम पंचायतों का माहौल बेहतर होगा और लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिलसकेंगी। इसके अलावा 40 प्रतिशत धनराशि को ग्राम पंचायतें अपने हिसाब से कार्ययोजना तैयार करके विकास कार्यों पर व्यय कर सकेंगी। साथ ही 20 प्रतिशत धनराशि ग्राम पंचायत के प्रदर्शन पर आधारित रहेगी। ग्राम पंचायतों को अपनी आय के संसाधन विकसित करने होंगे, उसी आधार पर उन्हें धनराशि भी मिल पाएगी। जिससे प्रकार 1500 तक की आबादी वाली छोटी ग्राम पंचायतों को भी उनकी खुद की आय की पांच गुना धनराशि शासन से मिलेगी। इन कार्यों से ग्राम पंचायत खुद की आय को बढ़ाने के प्रति गंभीर होंगी जिससे विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे।

# घर की वीडियो बना रहे पड़ोसियों को टोकना भारी पड़ा : मासूम को मारपीट कर घायल किया, फुरकान फैजान और साजिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र के एक गांव में घर की वीडियो बना रहे पड़ोसियों को टोकना भारी पड़ गया उन्होंने मासूम को मारपीट कर घायल कर दिया' थाना छजलैट के गांव चंगेरी निवासी मासूम जहां पुत्री साबिर का आरोप है कि 8 मई की रात को करीब 8:00 बजे घर पर अकेली थी तभी पड़ोस के फुरकान फैजान व साजिया उनके घर की वीडियो बनाने लगे वह किसी काम से छत पर गई तो उसने वीडियो बनाते हुए उन्हें टोक दिया इस पर सभी लोग नाराज हो गए और गालियां देकर मारपीट करनी शुरू कर दी। छत से भाग कर नीचे आकर उसने अपनी जान बचाई उन्होंने कहा कि इस बार तो बच गई लेकिन आइंदा नहीं बच पाएगी लड़की का आरोप है कि वह उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं। लड़की की शिकायत पर पुलिस ने फुरकान फैजान और साजिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।




# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना : 2700 "युवाओं को मिलेगा बिना ब्याज का" ऋण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत जिले में 2700 युवाओं को स्वरोजगार के लिए पांच-पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
इसके लिए बुधवार को चार स्थानों पर विशेष शिविर लगाए गए' सहायक उद्योग आयुक्त योगेश कामेश्वर ने बताया कि योजना वर्ष 2026-27 में मुरादाबाद जिले को 2700 का लक्ष्य मिला है। इसमें 21 से 40 वर्ष आयु तक के युवा अपना स्वयं का रोजगार व नई इकाई /उद्योग स्थापित करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी ब्याज के बैंकों के माध्यम से ले सकते हैं। युवा आवेदन विभाग की वेबसाइट एचटीटीपीएसः//एमएसएमई. up.gov.in// पर भेज सकते हैं।इसके लिए 13 मई को ब्लॉक ठाकुरद्वारा व ब्लॉक मूंढापांडे व नगर पालिका ठाकुरद्वारा व नगर पंचायत महमूदपुर माफी में शिविर लगाए गए उन्होंने बताया कि ऋण आवेदनपत्र में पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, शैक्षिक योग्यता अंकपत्र, बैंक पासबुक, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र (यदि हो) की फोटोप्रति, कुटेशन एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता कक्षा आठ पास होनी चाहिए। इसमें स्वयं का अंशदान 15 प्रतिशत, पिछड़ी जाति के लिए 12.5 प्रतिशत व अनुसूचित जाति का अंशदान 10 प्रतिशत होगा।




# पीतल कारोबारी के घर हुई "सवा करोड़ की डकैती का राज उसके घर के अंदर" ही छिपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद नागफनी क्षेत्र के अकबर कंपाउंड में पीतल कारोबारी के घर हुई सवा करोड़ की डकैती का राज उसके घर के अंदर ही छिपा है। पुलिस की अब तक की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि डिजिटल लॉक घर के अंदर से ही खोला गया था। बदमाश अपने साथ कोई चाबी नहीं लाए थे। पुलिस ने दो संदिग्ध आरोपियों को उठाया है, उनसे पूछताछ की जार रही है। जबकि अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस जल्द ही वारदात का खुलासा कर सकती है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार अब तक की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि सभी छह बदमाश मुरादाबाद के ही हैं और पुलिस को गुमराह करने के लिए वारदात के बाद दिल्ली रोड की ओर भागे थे। मझोला क्षेत्र तक उनकी लोकेशन मिली है।मूल रूप से डिलारी के ढकिया निवासी इमरान पीतल कारोबारी

**पुलिस ने दो संदिग्ध आरोपियों को उठाया 'पुलिस की पांच टीमें जांच पड़ताल में जुटी**

हैं। उनका प्रॉपर्टी का भी काम है। दुबई में रहने वाले अपने पार्टनर हाजी मेहंदी के साथ मिलकर वह कारोबार करते हैं। इमरान ने जिगर कालोनी में ढाई सौ वर्ग मीटर की एक संपत्ति खरीदी है। जिसकी सोमवार को रजिस्ट्री होनी थी। उसी के लिए खुद के पैसे के साथ ही पार्टनर, रिश्तेदारों से पैसे लेकर 1 करोड़ 20 लाख रुपये घर में रखे थे। इमरान ने बताया कि रविवार रात छोटी बेटी का जन्मदिन मनाने रेस्टोरेंट में गए थे। वहां से रात 12 बजे आने के बाद वह और उनका बेटा अरीब एक कमरे में सो रहे थे। जबकि दूसरे कमरे में दोनों बेटियां अरीबा और अलीजा सो रही थीं। पत्नी छोटे बेटे अरकान को लेकर हॉल में सोई थी। सोमवार तड़क करीब 3:40 बजे छह नकाबपोश हथियारबंद बदमाश घर के अंदर घुस आए। इसके बाद परिवार को बंधक बनाकर बदमाश 1 करोड़ 20 लाख रुपये की नकदी और छह तोला सोना लूट कर दस मिनट के अंदर वहां से भाग निकले। जाते समय बदमाश घर के सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर और तीन मोबाइल फोन भी ले गए। बदमाश दो कार में सवार होकर भागे थे। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एडीजी रमित शर्मा, डीआइजी मुनिराज जी और एसएसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर पुलिस की पांच टीमें जांच पड़ताल में जुटी हैं।

# आज से शुरू होगी" जनपद स्तरीय रस्साकशी "प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** टग-ऑफ-वार एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय जनपद स्तरीय रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन बृहस्पतिवार से कांठ रोड स्थित एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट महेंद्र सिंह विश्नोई ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक क्षमता का विकास करना है। उन्होंने अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं से भाग करने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार : मुरादाबाद की 643 ग्राम पंचायतों में "पांच के सिर जीत का सेहरा" सजा ,कांठ तहसील की शाहपुर मुनारकपुर को मिले 15 लाख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार ने मुरादाबाद जिले के पांच ग्राम प्रधान और वहां के लोगों की जागरूकता के प्रयास को पसंद किया है। पांच पंचायतों को 35 से 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया गया है। हालांकि शासन की ओर से मिलने वाले पुरस्कार राशि के उपयोग को लेकर अभी गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। ब्लॉक वार शासन से रुपये पंचायतों के खाते में आ गए हैं। इस प्रोत्साहन योजना में जनपद की 643 ग्राम पंचायतों में पांच के सिर जीत का सेहरा सजा है। शासन की ओर से आवेदनों की छानबीन के बाद टीम की ओर से पंचायतों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया है। विभाग की ओर से पंचायत भवन, पंचायत लर्निंग सेन्टर, सीएससी कक्ष निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, ओडीएफ प्लस, बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, पंचायत प्रतिपूर्ति, पंचायत कल्याण कोष, ग्राम पंचायतों के स्वयं के स्त्रोतों की आय की स्थिति परखी गई।643 ग्राम पंचायतों में पांच के सिर जीत का सेहरा सजा है।हुमायूंपुर डिलारी को 35 लाख,सनाई डिलारी अहमपुर आनंदपुर डिलारी को 20 लाख,शाहपुर मुनारकपुर छजलैट को 15 लाख,रानी नांगल ठाकुरद्वारा को 10 लाख,पांच पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार मिला है। इसके लिए शासन की ओर से धन जारी कर दिया गया है। इस धन का गांव के विकास में किस तरह से उपयोग होगा, इसकी जानकारी के लिए प्रधानों को इंतजार करना होगा। अभी गाइडलाइन नहीं आई है।




# नीट निरस्त होने से "मुरादाबाद के 10351 विद्यार्थी "मायूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। तीन मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के निरस्त होने से विद्यार्थी मायूस हैं। उनका कहना है कि दोबारा परीक्षा देने की प्रक्रिया मानसिक रूप से थकाने वाली होती है। कई महीनों की मेहनत के बाद अब फिर से परीक्षा की तैयारी करनी पड़ेगी।मुरादाबाद में तीन मई को हुई परीक्षा के लिए 22 केंद्र बनाए थे। सभी केंद्रों पर 10618 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 10351 विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए आए, जबकि 267 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। पांच साल में एनटीए ने 17 ऐसी परीक्षाएं करवाई हैं, जो निरस्त हुई हैं। विद्यार्थियों के लिहाज से यह बिल्कुल गलत है।इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि री-नीट होगा, उसमें कोई धांधली नहीं होगी। इस बार पेपर अच्छा गया था और अब वह निरस्त हो गया है। मानसिक रूप से थकाने वाला है कि हमें दोबारा परीक्षा देनी होगी।




# मुरादाबाद मंडल में "65 हजार से अधिक गोवंशों को मिला" सहारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मंडल में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाया गया है।
मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में सामने आया कि मंडल के 218 गो- आश्रय स्थलों में वर्तमान में 65,113 गोवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत मंडल की उपलब्धि सराहनीय है। 4125 गोवंशों की सुपुर्दगी के लक्ष्य के सापेक्ष 7703 गोवंश पशुपालकों को सौंपे गए हैं, जो 186.76 प्रतिशत उपलब्धि है। मंडल में अब केवल 684 निराश्रित गोवंश ही शेष बचे हैं।
संभल जनपद में सबसे अधिक 27,768 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। वहीं बिजनौर में 14,658, मुरादाबाद में 10,781, अमरोहा में 8,647 और रामपुर में 3,259 गोवंश आश्रय स्थलों में रखे गए हैं। गोवंशों के लिए चारे और भूसे की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मंडल में 4.24 लाख कुंतल से अधिक भूसा संग्रहित किया जा चुका है। साथ ही 372 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर हरा चारा उगाया जा रहा है। नेपियर घास के 6.10 लाख रूट भी वितरित किए गए हैं। गोशालाएं बनी आत्मनिर्भर, गोबर से हो रही कमाई गो आश्रय स्थलों को सरकारी अनुदान पर निर्भरता के बजाय आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर है। मुरादाबाद, अमरोहा और रामपुर के कान्हा और वृहद गो संरक्षण केंद्रों में सीबीजी (गोबर गैस प्लांट) संचालित है। रामपुर के गो आश्रय स्थल किरा में गोबर गैस प्लांट से 15 केवी का जनरेटर भी चलाया जा रहा है। गो उत्पाद और गोबर की बिक्री से मंडल में अच्छी आय हो रही है। रामपुर ने गोबर प्रबंधन से सर्वाधिक 6,17,636 रुपये, अमरोहा ने 5,40,600 रुपये और मुरादाबाद ने 82,829 रुपये की आय प्राप्त की है। मुरादाबाद, बिजनौर और सम्भल में गोबर से लकड़ी (गोकास्ट), मूर्तियां, दीये और धूपबत्ती तैयार की जा रही है।



**गुहार**

## वरिष्ठ पत्रकार महिपाल सिंह की मुख्यमंत्री से गुहार

# साचीज की मनमानी के चलते मान्यता प्राप्त पत्रकारों की आयुष्मान कार्ड योजना शून्य पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए घोषित कैशलेस इलाज की महत्वाकांक्षी योजना विभागीय उदासीनता और नोडल एजेंसी की हीला हवाली के चलते जनपद में दम तोड़ती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के जनपदों के पत्रकारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रत्येक जनपद से सूचना निदेशालय को डेटा भेजा गया था, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार एजेंसी 'साचीज' की कथित मनमानी पिछले एक साल से जारी है, जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे वरिष्ठ पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है। जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से निदेशालय को बार-बार डेटा प्रेषित किए जाने के दावों के बावजूद धरातल पर आयुष्मान कार्ड न बनना तंत्र की संवेदनहीनता को उजागर करता है। अमरोहा के अपर जिला सूचना अधिकारी दानिश अली के अनुसार, अमरोहा जनपद से मान्यता प्राप्त पत्रकारों का डेटा कई बार रिमाइंडर के साथ निदेशालय भेजा जा चुका है और मई माह में भी इसे पुनः अपडेट कर प्रेषित किया गया है। विडंबना यह है कि एक ओर सरकारी कार्यालय डेटा भेजने की बार-बार पुष्टि भी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नोडल एजेंसी 'साचीज' के जिम्मेदार अधिकारी डेटा प्राप्त होने से स्पष्ट इनकार कर मामले को डेटा करेक्शन की आड़ में लटकाए हुए हैं। इस प्रशासनिक रस्साकशी का खामियाजा उन पत्रकारों को भुगतना पड़ रहा है जिन्हें इलाज की तत्काल आवश्यकता है। जनपद के पत्रकारों के मार्गदर्शक रहे पूर्व वरिष्ठ पीटीआई संवाददाता डॉ. मुस्तकीम का छह मार्च 2026 को निधन हो गया था, लेकिन दुखद पहलू यह है कि जीवन के अंतिम क्षणों तक उनका आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं आ सका। वर्तमान में भी कई वरिष्ठ पत्रकार गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं और समुचित इलाज के अभाव में जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए दोषी एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और अविलंब आयुष्मान कार्ड जारी कराए जाएं ताकि भविष्य में किसी अन्य पत्रकार को इलाज के अभाव में असमय काल का ग्रास न बनना पड़े। उल्लेखनीय है कि व्यापक स्वास्थ्य और एकीकृत सेवाएं(स्टेट एजेंसी फॉर कंप्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज)इसे संक्षेप में साचीज कहा जाता है, डिजिटल चैटबॉट के माध्यम से कार्ड बनाने, पात्रता जानने और शिकायत दर्ज करने की सुविधा प्रदान करती है। जबकि देशभर में आयुष्मान कार्ड (आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना -एबी पीएम-जे ए वाई)बनाने और इसके कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार नोडल एजेंसी का पूरा नाम राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण(एनएचए) है।यह भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्य करती है।मुख्य मंत्री से जनपदीय मान्यता प्राप्त पत्रकार संस्था के जिला अध्यक्ष मही पाल सिंह ने गुहार लगाई है कि शीघ्र अति शीघ्र इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए ताकि आपकी मंशा अनुसार पत्रकारों को विभिन्न सुविधाएं मिल सकी और बीमार पत्रकारों का उपचार हो सके।



# मुरादाबाद में स्वगणाना के कार्य में तेजी : बुधवार शाम तक 106541 का आंकड़ा छुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद में स्वगणना का कार्य तेजी से चल रहा है है। बुधवार शाम 6:30बजे तक 106541 लोगों की स्वगणना का आंकड़ा छूता दिखाई दिया। लक्ष्य बना कर प्रशानिक टीम कार्य कर रही है। इसी के चलते काफी लोग स्वगणना करवाने में रुचि ले रहे हैं। यह कार्य 7 मई से शुरू हुआ था '22 मई से घर घर जाकर जनगणना का कार्य प्रगणक करेंगे। इससे पहले कोशिश है कि ज्यादा लोगों की स्वगणना का कार्य कर लिया जाए। जिला जनगणना अधिकारी ममता मालवीय ने "बुलंद संदेश" को बताया कि अब तक 106541से ज्यादा लोगों की स्वगणना का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिला जनगणना अधिकारी ने कहा कि स्वगणना के लिए के लिए पोर्टल एचटीटीपीएसः//से.सेंसस.गोव.इन पर जाना होगा। इसके लिए परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर डालना होगा। आधार और मकान से जुड़ी जानकारी इसमें भरनी होगी। पूरी प्रक्रिया के बाद 11 अंकों की एसईआईडी जनरेट होगी प्रगणकों को यही आईडी आपको बतानी है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# टॉक्सिक रिश्तों का महिमामंडन नहीं,बल्कि उनका दर्द दिखाएगी अगली स्टोरी: अविका गौर

छोटे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री अविका गौर एक बार फिर तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर फिल्म अगली स्टोरी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर है, जिसमें सस्पेंस, जुनून और भावनाओं का एक अनोखा संगम देखने को मिलेगा। फिल्म में अविका के साथ नंदू विजय कृष्णा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अभिनेत्री अविका गौर ने बताया कि फिल्म की टीम पहले से ही इस बात को लेकर सतर्क थी कि टॉक्सिक और जुनून के बीच एक साफ अंतर दिखाई दे। उन्होंने कहा, फर्क हमेशा इरादे में होता है। हम फिल्म के जरिए टॉक्सिक रिश्तों को आकर्षक या कूल दिखाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हमारा मकसद यह दिखाना है कि ऐसे रिश्ते किसी इंसान की मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर असल में क्या असर डालते हैं। अविका ने आगे बताया कि फिल्म में रिश्ते को महिमामंडित करने के बजाय उसके दर्दनाक नतीजों पर ध्यान दिया गया है। फिल्म में दर्शकों को वह बेचैनी, उलझन और नुकसान साफ महसूस होगा जो एक खराब रिश्ते से उपजता है। एक कलाकार के तौर पर मेरी जिम्मेदारी दर्शकों के सामने ईमानदारी से कहानी रखने की है। अगली स्टोरी दर्शकों से झूठ नहीं बोलती, बल्कि एक कड़वी सच्चाई को गहराई से दिखाती है।

रिया जिया प्रोडक्शंस के बैनर तले सीएच सुभाषिनी और कोंडा लक्ष्मण द्वारा निर्मित अगली स्टोरी एक गहरी प्रेम कहानी है, जिसका लेखन और निर्देशन प्रणव स्वरूप ने किया है। इस फिल्म में रवि तेजा महादास्यम, शिवाजी राजा, और प्रज्ञा नयन जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। अगली स्टोरी 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# करण-तेजस्वी के नए शो देसी ब्लिंग का ट्रेलर जारी, 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

रियल लाइफ कपल करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की जिंदगी पर आधारित रियलिटी शो देसी ब्लिंग के मेकर्स ने सोमवार को शो का ट्रेलर जारी किया। इसके बाद तेजस्वी ने कहा कि यह शो उनके अब तक के काम से काफी अलग है, क्योंकि रियलिटी और फिक्शन का ऐसा मेल बहुत कम देखने को मिलता है। गया है कि इस दुनिया में दिखावा ही सब कुछ है और गॉसिप लेम्बॉर्गिनी से भी तेज रफ्तार से फैलती है।

जैसे-जैसे करण और तेजस्वी इस चमकदार लेकिन तनावपूर्ण माहौल में आगे बढ़ते हैं, ग्लैमर और अव्यवस्था के बीच की रेखा धुंधली होती नजर आती है। ट्रेलर में टाइगर श्रॉफ, शिल्पा शेट्टी, सनी लियोनी और विवेक ओबेरॉय समेत हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की कई मशहूर हस्तियों की झलक भी दिखाई गई। करण कुंद्रा ने कहा कि देसी ब्लिंग ने उन्हें और तेजस्वी को ऐसी दुनिया में कदम रखने का मौका दिया, जो उनके लिए बिल्कुल नई थी। उन्होंने कहा, हां, इसमें ग्लैमर और लग्जरी है, लेकिन जिसने हमें सबसे ज्यादा चौंकाया, वह यहां के रिश्ते, लोग और उनके बीच की जटिलताएं थीं। यह रोमांचक, अप्रत्याशित और कई मायनों में बेहद वास्तविक है। हम उत्साहित हैं कि दुनियाभर के दर्शक इस सफर को हमारे साथ नेटफ्लिक्स पर देखेंगे।



20 मई से प्रीमियर होने वाले इस शो के बारे में तेजस्वी ने कहा, यह शो मेरे लिए बेहद खास सफर रहा है। यह दुबई की चमकदार दुनिया की खूबसूरत झलक दिखाता है, लेकिन साथ ही इसमें क्लासिक देसी मसाले का भी पूरा तड़का है। इसमें इमोशंस, रिश्ते और ड्रामा सब कुछ है, जो दर्शकों को बांधे रखेगा। उन्होंने कहा, नेटफ्लिक्स और माजेन लहम की आभारी हूं कि उन्होंने हमारी जिंदगी में इतनी दिलचस्पी दिखाई। ट्रेलर में शानदार यॉट पार्टियां, लग्जरी फैशन, बदलते रिश्ते, भावनात्मक टकराव और हाई-प्रोफाइल सोशल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। इसमें दिखाया

इस शो में रियल एस्टेट कारोबारी और अनाक्स होल्डिंग के चेयरमैन सतीश सनपाल और तबिंदा सनपाल, उद्यमी और डिसीसिव जोन के सीईओ द्युति पर्रुक, उनकी पत्नी इरीना किनाख, दुबई के अरबपति कारोबारी रिजवान साजन, अदेल और सना साजन, पामेला सेरेना, कंटेंट क्रिएटर बहनें अलीजे और लैली मिर्जा, और ज्योतिषी एवं टैरो रीडर जानवी गौर भी नजर आएंगी।

# इम्तियाज अली के निर्देशन में निखरीं शरवरी वाघ, मस्कारा को लेकर साझा किए बीटीएस पल

अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म क्या कमाल है को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री जिया नाम का एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म का नया गाना मस्कारा रिलीज हुआ है, जिसमें शरवरी का अंदाज पुराने दौर की बॉलीवुड हीरोइनों के रोमांस की याद दिला रहा है। शरवरी ने इंस्टाग्राम पर गाने की शूटिंग के बीटीएस पल शेयर किए। इस पोस्ट में शरवरी ने इम्तियाज अली के साथ अपने काम करने के अनुभव को बयां करते हुए लिखा, इम्तियाज अली सर और मैं इस



एहसास को किस-मिस यारा कहते थे। यह एक मजेदार बनाया गया शब्द है, जो पहली बार प्यार में पड़ने वाली उस मीठी और हल्की सी गुदगुदाहट को महसूस कराता है।

अभिनेत्री ने आगे लिखा, मेरा किरदार जिया अपनी जिंदगी में कई बार इसी किस-मिस वाले एहसास से गुजरती है। गाने में मेरा नटखट और शरारती अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है।

शरवरी ने अपनी पोस्ट में इम्तियाज अली की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि किस तरह निर्देशक ने उन्हें अपनी परफॉर्मेंस की उन बारीकियों को समझने में मदद की, जिनसे वह खुद भी अनजान थीं। उन्होंने लिखा, मैंने सिर्फ आपको देखकर ही भावनाओं और कहानी कहने के तरीके के बारे में बहुत कुछ सीखा है। मुझ पर भरोसा करने और हर पल मेरा मार्गदर्शन करने के लिए मैं आपकी हमेशा आभारी रहूंगी। मस्कारा गाने में शरवरी का लुक काफी क्लासी रखा गया है। गाने में उनका नटखट और शरारती अंदाज भी देखने को मिलता है। मस्कारा गाना अपनी रोमांटिक धुन और शानदार केमिस्ट्री के लिए सोशल मीडिया पर छा गया है। इस गाने को वेदांग रैना और नीलांजना घोष दस्तीदार ने अपनी आवाज दी है। इसका संगीत दिग्गज संगीतकार ए.आर. रहमान ने दिया है, जबकि बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। गाने के वीडियो में वेदांग रैना और शरवरी वाघ की जोड़ी नजर आ रही है, जिनकी मासूम प्रेम कहानी और केमिस्ट्री को काफी पसंद किया जा रहा है। मस्कारा एक सॉफ्ट रोमांटिक गाना है, जो जवानी के दिनों के प्यार, मासूम शरारत और जज्बातों को खूबसूरती से दिखाता है।

# रातभर तेल लगाए रखना या नहाने से पहले बालों में तेल लगाना ? जानिए सही तरीका

बालों की देखभाल के लिए तेल का उपयोग एक पुरानी परंपरा है, लेकिन इसके सही समय को लेकर कई धारणाएं हैं। कुछ लोग मानते हैं कि रातभर बालों पर तेल लगाना चाहिए, जबकि कुछ लोग नहाने से पहले ही तेल लगाने के पक्ष में हैं। इस लेख में हम इस बात का पता लगाएंगे कि रातभर बालों पर तेल लगाना सही है या नहाने से पहले। साथ ही जानेंगे कि इन दोनों तरीकों के क्या फायदे और नुकसान हैं।



**रातभर तेल लगाना**

रातभर बालों पर तेल लगाने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे बालों को गहराई से पोषण मिलता है। जब आप रात को सोते हैं तो आपकी सिर की त्वचा का तापमान थोड़ा बढ़ जाता है, जिससे तेल बेहतर तरीके से सोख लिया जाता है। इसके अलावा रातभर तेल लगाने से बालों की नमी बनी रहती है और वे टूटने से बचते हैं। इस तरीके से बालों को मजबूती और चमक भी मिलती है।

**नहाने से पहले तेल लगाना**

नहाने से पहले तेल लगाने का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि गर्म पानी के प्रभाव से बालों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। जब आप नहाने से पहले बालों पर तेल लगाते हैं तो यह एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है और बालों को टूटने और झड़ने से बचाता है। इसके अलावा यह बालों को नमी प्रदान करता है और उन्हें मजबूत बनाता है। इससे बालों की चमक भी बढ़ती है।

**दोनों तरीकों के फायदे और नुकसान**

दोनों तरीकों के अपने-अपने फायदे और नुकसान हैं। रातभर तेल लगाने से बालों को गहराई से पोषण मिलता है, लेकिन यह कुछ लोगों को असुविधाजनक लग सकता है। वहीं, नहाने से पहले तेल लगाने से बालों को गर्म पानी के प्रभाव से बचाया जा सकता है, लेकिन यह तरीका उतना प्रभावी नहीं हो सकता। इसलिए, यह जरूरी है कि आप अपने बालों की जरूरतों को समझें और उसी अनुसार सही तरीका चुनें।

**सही तरीका चुनने के टिप्स**

सही तरीका चुनना पूरी तरह से आपकी व्यक्तिगत पसंद और बालों की जरूरतों पर निर्भर करता है। अगर आपके बाल सूखे और कमजोर हैं तो रातभर तेल लगाना बेहतर हो सकता है, क्योंकि इससे उन्हें गहराई से पोषण मिलता है। वहीं, अगर आप गर्म पानी से होने वाले नुकसान से बचना चाहते हैं तो नहाने से पहले तेल लगाना अच्छा विकल्प हो सकता है। यहां पर ध्यान रखने वाली बात यह है कि तेल को सही मात्रा में लगाना चाहिए।

**निष्कर्ष**

आखिरकार यह कहना गलत होगा कि इनमें से कोई एक तरीका सबसे अच्छा है। दोनों ही तरीकों के अपने-अपने फायदे और नुकसान हैं, इसलिए आपको अपने बालों की स्थिति और जरूरतों के अनुसार सही विकल्प चुनना चाहिए। अगर आपके बाल सूखे और कमजोर हैं तो रातभर तेल लगाना बेहतर हो सकता है। वहीं, नहाने से पहले तेल लगाने से बालों को गर्म पानी के प्रभाव से बचाया जा सकता है।

# रोजाना रात को सिल्क के तकिए पर सोएं,आपको मिल सकते हैं ये 5 फायदे

अच्छी नींद पाने के लिए सिर्फ गद्दे ही नहीं, बल्कि तकिया भी जरूरी होता है। अगर आप भी आरामदायक नींद और स्वस्थ बाल चाहते हैं तो सिल्क के कपड़े से बने तकिए पर सोएं। सिल्क का तकिया न केवल आरामदायक होता है, बल्कि यह त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। आइए आज हम आपको सिल्क के तकिए पर सोने से मिलने वाले फायदे बताते हैं, जिससे आपको इसके महत्व का अंदाजा लग सकता है।

**त्वचा के लिए है फायदेमंद**

सिल्क के तकिए पर सोना आपकी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। सिल्क एक ऐसा कपड़ा है, जो त्वचा को आरामदायक महसूस कराता है और रगड़कर होने वाले नुकसान से बचाता है। इसके अलावा सिल्क के तकिए पर सोने से चेहरे की नमी बनी रहती है, जिससे त्वचा सूखती नहीं है। अगर आप रातभर ठंडी हवा में सोती हैं तो सिल्क के तकिए पर सोना आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

**बालों का झड़ना होता है कम**

रातभर सिल्क के तकिए पर सोने से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और बाल झड़ने की समस्या कम होती है। सिल्क की चिकनी सतह बालों को उलझने से रोकती है, जिससे वे टूटते नहीं हैं। इसके अलावा सिल्क के तकिए पर सोने से बालों की नमी भी बनी रहती है, जिससे वे स्वस्थ और चमकदार दिखते हैं। अगर आप रोजाना सिल्क के तकिए पर सोती हैं तो आपके बालों की खूबसूरती बनी रहती है।

**एलर्जी से कर सकता है बचाव**

कुछ लोगों को सूती या ऊनी तकिए से एलर्जी हो सकती है, जिससे उनकी नींद खराब होती रहती है। सिल्क के तकिए पर सोना एलर्जी से बचाव करने में मदद करता है, क्योंकि यह ऐसे तत्वों से मुक्त होता है, जो एलर्जी उत्पन्न कर सकते हैं। इसके अलावा सिल्क की सूक्ष्म संरचना धूल कणों और कीटाणुओं को भी रोकती है, जिससे आप स्वस्थ और आरामदायक नींद ले सकते हैं। इस तरह सिल्क के तकिए पर सोना आपके लिए सुरक्षित है।

**महसूस होता है आराम**

सिल्क के तकिए पर सोना न केवल आरामदायक महसूस होता है, बल्कि यह तापमान को भी नियंत्रित करता है। गर्मियों में यह ठंडक देता है और सर्दियों में गर्माहट प्रदान करता है। इसके अलावा सिल्क की मुलायम सतह पर सोना एक सुखद अनुभव देता है। इस तरह सिल्क के तकिए पर सोने से आपको न केवल आराम मिलता है, बल्कि आपकी नींद की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। यह एक आदर्श विकल्प है।



**लंबे समय तक रहता है टिकाऊ**

सिल्क के तकिए लंबे समय तक टिकाऊ रहते हैं, इसलिए इन्हें बार-बार बदलने की जरूरत नहीं पड़ती। सही देखभाल करने पर ये कई वर्षों तक उपयोग किए जा सकते हैं। इस प्रकार सिल्क के तकिए पर सोना आपकी नींद को बेहतर बनाने, त्वचा-बालों की देखभाल करने और एलर्जी से बचाव करने में मदद करता है। अगली बार जब भी आप अपना तकिया चुनें तो सिल्क का तकिया जरूर आजमाकर देखें।

# BLS इंटर कॉलेज में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया, मेधावी विद्यार्थियों की माताओं का हुआ विशेष सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** BLS इंटर कॉलेज, ठाकुरगंज में मातृ दिवस बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि उत्तर विधानसभा के विधायक डॉ. नीरज बोरा द्वारा विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय गंगा प्रसाद साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र आलोक कुमार की माता जी को उनके वजन के बराबर फलों से तौलकर विशेष सम्मान दिया गया तथा उन्हें फल भेंट किए गए। साथ ही छात्र को पुरस्कार स्वरूप मिक्सर ग्राइंडर प्रदान किया गया। वहीं हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाली छात्रा युशरा नौशाद की माता जी को भी उनके वजन के अनुसार फलों से तौलकर सम्मानित किया गया तथा छात्रा को पुरस्कार स्वरूप फ्रिज भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त बोर्ड परीक्षा में मैरिट में आने वाले सभी विद्यार्थियों की माताओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मातृ दिवस के अवसर पर कई खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों की माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।प्रतियोगिताओं में विजयी माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि प्रतिभाग करने वाली सभी माताओं को कांसोलेशन प्राइज देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि माताओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है।

उन्होंने माताओं के उत्साह और सहभागिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है और उनके त्याग एवं प्रेम का कोई मूल्य नहीं लगाया जा सकता।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संदीप साहू, डायरेक्टर प्रदीप साहू, प्रधानाचार्य रवि किशोर, उप प्रधानाचार्य रोमा जाफरी, शुभम साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने शाहबेरी स्थित कंपोजिट शॉप नंबर-1 का किया औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर ।** जिलाधिकारी द्वारा आज शाहबेरी, क्रॉसिंग रोड ग्रेटर नोएडा स्थित कंपोजिट शॉप नंबर-1 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस संबंधी अभिलेखों, निर्धारित मूल्य सूची, सीसीटीवी व्यवस्था, पीओएस मशीन के माध्यम से की जा रही बिक्री तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुकान पर समस्त व्यवस्थाएं शासन की गाइडलाइन के अनुरूप सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जाएं।



उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग निरंतर संचालित रहे तथा पीओएस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओवररेटिंग के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं विक्रेताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर मदिरा बिक्री किसी भी स्थिति में न की जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी दुकानों पर मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए तथा उपभोक्ताओं से निर्धारित दरों के अनुसार ही बिक्री सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कमान अस्पताल, लखनऊ में नर्स सप्ताह समारोह-2026 का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सेवा, रोगी सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण में नर्सिंग समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए कमान अस्पताल (मध्य कमान), लखनऊ द्वारा 'नर्स सप्ताह समारोह-2026' का शानदार आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस-2026 के मुख्य विषय हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम 5 मई से 12 मई तक चला।

**स्वस्थ आहार और 'न्यूट्रीफेस्ट' से हुआ शुभारंभ**

समारोह की शुरूआत 5 मई को "न्यूट्रीफेस्टः मिलेट डिलाइट के साथ स्वस्थ आहार" कार्यक्रम से हुई। इसका मुख्य उद्देश्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को रोकने में मोटे अनाज (बाजरा) के पोषण संबंधी लाभों के प्रति जागरूकता फैलाना था मुख्य अतिथिः मेजर जनरल सुब्रतो सेन, एसएम, एमजी मेड विशेष आकर्षणः कॉलेज ऑफ नर्सिंग के कैडेटों ने सूचनात्मक प्रदर्शनियों और बाजरे से बने व्यंजनों के माध्यम से संतुलित पोषण का संदेश दिया।



**कौशल विकास के लिए 'अरिथमिया कार्यशाला'**

7 मई को हृदय रोगों के प्रबंधन और आपातकालीन देखभाल पर केंद्रित एक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नर्सिंग कैडेटों और अधिकारियों ने ईसीजी (ECG) व्याख्यान और अतालता प्रबंधन प्रोटोकॉल का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया मुख्य अतिथिः ब्रिगेडियर विकास श्रीवास्तव, डीन और डिप्टी कमांडेंट, कमान अस्पताल।

**नर्स दिवसः सेवा और समर्पण का सम्मान**

11 मई को मुख्य 'नर्स दिवस कार्यक्रम' का आयोजन हुआ, जिसमें नर्सिंग पेशेवरों की करुणा और अथक सेवा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेजर जनरल सुब्रतो सेन, डॉ. अशोक बिश्नोई (डीन, एबीवीएमयू) और ब्रिगेडियर एमएनएस परवीन रानी उपस्थित रहीं अतिथियों ने नर्सिंग अधिकारियों और कैडेटों को व्यावसायिकता और उत्कृष्टता के साथ मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग समुदाय के बीच संवाद बढ़ाने के लिए निम्नलिखित गतिविधियाँ हुईं विभिन्न कॉलेजों के छात्रों के बीच पैनल चर्चा और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता नर्सिंग अधिकारियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता।

**पुरस्कार वितरण के साथ समापन**

12 मई 2026 को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर इस सप्ताह भर चले समारोह का आधिकारिक समापन हुआ। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल नर्सों के योगदान को सराहने वाला रहा, बल्कि शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के दृष्टिकोण से भी अत्यंत सफल रहा।

# पीएम मोदी की अपील का बड़ा असर, राजनाथ सिंह ने छोटा किया अपना काफिला

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने काफिले का आकार लगभग आधा कर दिया है।वराजनाथ सिंह का यह कदम तब आया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच नागरिकों से 'सात अपीलें' की थीं। इन अपीलों का मकसद आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करके और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को अपनाकर देश की आर्थिक मजबूती में योगदान देना था। पीएम मोदी ने लोगों से आग्रह किया था कि वे सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करके पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें। उन्होंने इस दौरान वैश्विक उथल-पुथल और बढ़ती कीमतों के असर को भी रेखांकित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है, जबकि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप प्रोटोकॉल के तहत जरूरी सभी सुरक्षा इंतजामों को बरकरार रखा है। प्रधानमंत्री की अपील के बाद, अमित शाह ने भी सुरक्षा प्रोटोकॉल से समझौता किए बिना अपने काफिले के साथ चलने वाली गाड़ियों की संख्या कम करने का फैसला किया। पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, पीएम मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जहाँ भी मुमकिन हो, उनके काफिले में इलेक्ट्रिक गाड़ियाँ शामिल की जाएँ, बिना कोई नई गाड़ी खरीदे।



इसी राह पर चलते हुए, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी मंत्रियों, विधायकों और दूसरे जन प्रतिनिधियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सरकारी गाड़ियों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। मंगलवार को एक एक्स पोस्ट में रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौजूदा वैश्विक हालात को देखते हुए देश के नागरिकों से पेट्रोल-डीजल बचाने और ऊर्जा संरक्षण को एक जन-आंदोलन बनाने की अपील की है। माननीय प्रधानमंत्री जी की इस जरूरी अपील को अपनाते हुए, विभागीय कामों के लिए गाड़ियों की संख्या सीमित करने का फैसला लिया गया है। मैं और मेरे सभी कैबिनेट सहयोगी, भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायक, जन प्रतिनिधि, दिल्ली सरकार के अधिकारी और सभी विभाग भी जरूरत के हिसाब से कम से कम गाड़ियों का इस्तेमाल करेंगे और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देंगे।

# चैंबर कब्जाने के विवाद में एसएसपी से मिले पीड़ित परिवार के साथ सैकड़ो अधिवक्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- मुकदमे की निष्पक्ष जांच एवं दूसरे पक्ष का भी मुकदमा दर्ज करने की रखी मांग
- शीघ्र कार्यवाही नहीं होने पर अधिवक्ता एसएसपी कार्यालय पर करेंगे धरना प्रदर्शन

**बुलंदशहर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन परिसर में स्थित सलीम खान एडवोकेट के द्वारा अपने चेंबर को जूनियर सुलेख चन्द एडवोकेट व सलीम खान की मौत के बाद पत्नी द्वारा इमामुद्दीन खान एडवोकेट को बैचनें पर सुलेख चन्द का कब्जा बना हुआ, दोनों पक्षों द्वारा चेंबर पर अपना कब्जा होने का दावा करते हुए 11 मई को सुबह झगड़ा हो गया। झगड़े में गोली चलने पर
दोनों के व्यक्तियों के चोटे आने से घायल हो गये। जहां इमामुद्दीन के पुत्र जियाउलरहमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा एसएसपी को तहरीर देने पर 307 में थाना कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हुआ और तीन लोग जेल भेज दिए।



मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से पीड़ित परिवार सहित अनेक अधिवक्ताओं ने की मुलाकात दिया प्रार्थना पत्र जिसमें पीड़ित परिवार का आरोप एड० सलेख चन्द के चेंबर को कब्जाने को लेकर एड० इमामुद्दीन ने 8-10 दबंगो के साथ मिलकर सलेख चन्द के चेंबर का तोड़ रहे थे ताला,सूचना पर पहुंचे एड० सलेख चन्द ने चेंबर का ताला तोड़ रहे लोगों का किया था विरोध। विरोध करने पर एड० इमामुद्दीन के साथ आए दबंगों ने सलेख चन्द व उसके अधिवक्ता पुत्र पर किया जानलेवा हमला। मृतक वकील सलीम अख्तर ने सलेख चन्द एडवोकेट को विधिक प्रक्रिया के बाद चैंबर कराया था अलॉट। पीड़ित परिवार का आरोप सलेख चन्द व अन्य अधिवक्ताओं को फसाने के लिए रची गई गोली मारने की साजिश।

एडवोकेट प्रदीप अशोक द्वारा बताया गया कि दूसरे पक्ष द्वारा हमला करने पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाए तथा प्रथम मुकदमें कु निष्पक्ष जांच होनी चाहिए,

मुकदमे में दो अधिवक्ता घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे जो उत्तराखंड में एवं अपने घर पर उपस्थित थे जिनका गलत नाम मुकदमे में शामिल कराया गया है। शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता एसएसपी कार्यालय में धरना देंगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि जो अधिवक्ता घटनास्थल पर नहीं थे उनका नाम मुकदमे से निकला जाएगा उन्हें गिरफ्तार भी नहीं किया जाएगा।

प्रार्थना पत्र देने में पूर्व महासचिव मनोज शर्मा, उमेश कौशिक, धर्मेंद्र खालोर,प्रदीप अशोक एडवोकेट, जॉनी,ब्रह्मदेव, सुरेंद्र कुमार, हेमेंद्र, रोहतास कुमार, सीमा साईं, बिन्टू ,गुरबचन, ललित कुमार, मुनेश,प्रमोद कुमार,विपिन कुमार, सुषमा, सहित अनेक अधिवक्ता अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

# एएसडीसी और सीबीएसई ने लांच किया नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड 2026, छात्रों को मिलेगा मोबिलिटी सेक्टर से जुड़ने का अवसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल और मोबिलिटी सेक्टर में युवाओं की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने संयुक्त रूप से नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड (NAO) 2026 के पांचवें संस्करण का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य स्कूली छात्रों को शुरूआती स्तर पर उद्योग से जुड़े कौशलों से परिचित कराना और उन्हें भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक बनाना है।

इस वर्ष ओलंपियाड की थीम स्किल्ड हैंड्स, स्ट्रॉन्ग नेशनः बिल्डिंग इंडियाज ऑटोमोटिव फ्यूचर (Skilled Hands, Strong Nation: Building India's Automotive Future) रखी गई है। यह थीम भारत को वैश्विक ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार करने की जरूरत पर जोर देती है। लांच कार्यक्रम में एएसडीसी के चेयरपर्सन विंकेश गुलाटी ने कहा कि ऑटो ओलंपियाड का उद्देश्य छात्रों में ऑटोमोबाइल और नई मोबिलिटी तकनीकों के प्रति शुरूआती रुचि विकसित करना है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा ऑटो उद्योग बन चुका है और तेजी से तकनीक आधारित मोबिलिटी की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में युवाओं को कोडिंग, इनोवेशन और आधुनिक तकनीकों से जोड़ना जरूरी है।

सीबीएसई के प्रोफेसर एवं निदेशक (स्किल एजुकेशन) डॉ. विश्वजीत साहा ने कहा कि भारत अब केवल ऑटोमोबाइल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि यह ओलंपियाड शिक्षा और उद्योग के बीच सेतु का काम करेगा तथा छात्रों में समस्या समाधान, डिजिटल स्किल्स और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करेगा। एएसडीसी के वाइस चेयरपर्सन प्रभु नागराज ने कहा कि नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ऐसा मंच है जहां युवा प्रतिभाओं को वास्तविक अवसरों से जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि एआई, सस्टेनेबिलिटी और एडवांस्ड मोबिलिटी की दिशा में बढ़ते उद्योग के लिए यह पहल भविष्य के इनोवेटर्स तैयार करेगी।

कक्षा 6 से 12 तक के सभी शिक्षा बोर्डों के छात्र इस ओलंपियाड में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में परीक्षा दे सकेंगे। ओलंपियाड पोर्टल "https://nao.asdc.org.in पर पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पहले चरण के लिए आवेदन 30 जून तक किए जा सकते हैं। ओलंपियाड तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें छात्रों को कक्षा 6झ8, 9झ10 और 11झ12 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले गुरुग्राम स्थित होंडा मोटरसाइकिल और स?कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मानेसर प्लांट में आयोजित होगा।

इस लांच में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर डायरेक्टर विनय ढींगरा, सनसेरा इंजीनियरिंग लिमिटेड के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर एफ आर सिंघवी, एएसडीसी के कोषाध्यक्ष रामाशंकर पांडेय और सीबीएसई के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं जॉइंट डायरेक्टर (स्किल एजुकेशन) सतीश पहल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्कूलों के प्रिंसिपल, अभिभावक और पिछले वर्ष के छात्र प्रतिभागी भी शामिल हुए, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए। ओलंपियाड के नॉलेज पार्टनर्स–इंडियन स्कूल फॉर डिजाइन ऑफ ऑटोमोबाइल्स, अठउक्ळ, और डेटास्ट्राइड एनालिटिक्स भी मौजूद थे। पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय ऑटोमोबाइल ओलंपियाड एक ऐसी अनूठी पहल के रूप में उभरा है, जो छात्रों में तकनीकी जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ तार्किक सोच और समस्या निवारण क्षमता को भी प्रोत्साहित करता है।

# नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन से मादीपुर में बिजली व्यवस्था होगी मजबूत : कैलाश गंगवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मादीपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-93 स्थित अरिहंत नगर के सामने बीएसईएस द्वारा स्थापित नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन आज लोकप्रिय विधायक कैलाश गंगवाल ने किया। इस अवसर पर मादीपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शक्ति केंद्र प्रमुख जसवीर सिंह तथा बूथ अध्यक्ष जसवंत जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक कैलाश गंगवाल ने कहा कि मादीपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ती आबादी और बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से अरिहंत नगर और आसपास के इलाकों में लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज, ओवरलोड और बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या से लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं। मादीपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क तथा स्वच्छता से जुड़े मुद्दों पर लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बीएसईएस अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण कार्य पूरा किया गया है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने भी नए ट्रांसफार्मर की स्थापना पर खुशी व्यक्त की। निवासियों का कहना था कि गर्मियों के मौसम में क्षेत्र में बिजली पर दबाव बढ़ने के कारण कई बार फॉल्ट और कटौती की समस्या उत्पन्न हो जाती थी, लेकिन अब नए ट्रांसफार्मर के लगने से बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू और स्थिर हो सकेगी। लोगों ने विधायक और संबंधित अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पहले से अधिक मजबूत होगी। उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओ और स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन स्थानीय नागरिकों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



**सौंपा ज्ञापन** भाकियू महाशक्ति के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

# किसानों ने तहसीलदार लेखपाल कानून गो पर भ्रष्टाचार के लगाए गभीर आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**किसानों को एटीएम ने जांच कर कार्रवाई करने का दिया आश्वासन**

**शिकारपुर।** बुधवार को भाकियू महाशक्ति के कार्यकर्ता शिकारपुर तहसीलदार गौरव बिश्नोई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने किसानों की पूरी समस्या सुनकर कार्रवाई का आश्वासन देकर किसानों का ज्ञापन लिया और जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया भाकियू महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि तहसीलदार गौरव बिश्नोई , कानूनगो विक्रम सिंह, लेखपाल नीरज सैनी, के द्वारा सरकारी पोखर के गाटा संख्या 162,163, पर कब्जा करा रखा है और गांव करीरा के नाली सरकारी चकरोड के गाटा संख्या 841,833 पर भी साठगांठ करके कब्जा करा रखा है गांव रामपुर मानपुर में भी गाटा संख्या 436 सहित पोखर की भूमि पर भी कब्जा कर रखा है इन सभी सहित सैकड़ो सरकारी गाटाओ पर भी भूमाफियाओं से सांठगांठ कर कब्जा कर रखा है आरोप यह भी है कि शिकायतकर्ता को फर्जी मुकदमा दर्ज करने की धमकी देकर भगा देते हैं तहसीलदार उधर यूपी के मुख्यमंत्री इमानदारी की मिसाइल का पूरे विश्व में नाम रोशन कर रहे ऐसे मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्यनाथ की छवि को खराब करने की कर रहे कोशिश जल्द उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर एनसीआर अध्यक्ष चौधरी नरेश प्रधान ने जिलाधिकारी बुलंदशहर के द्वारा मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन कार्रवाई नहीं होने पर जल्द आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ से करेंगे मुलाकात सौंपेंगे ज्ञापन।



इस मौके पर कैप्टन चौधरी विक्रम सिंह, अशोक सोलंकी, ठाकुर सुनीलसिंह, पिंटू राघव, ठाकुर नरेंद्र सिंह जादौन, ठाकुर सुरेश सिंह, ठाकुर अरूण सिंह, भूटटू प्रधान,डा सुखपाल सिंह, बंटी सिंह लोधी, चौधरी चंद्रवीर, विष्णु दत्त त्यागी, चौधरी रूप सिंह, जयप्रकाश शर्मा, रविंद्र सोलंकी, धर्मवीर सिंह, अरशद, सुलेमान, सोनिया, बरीशा, सुभाष चंद्र, यशपाल सिंह, असलम, दिनेश सोलंकी, समेत दर्जनों कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# झटका मशीन युक्त बिजली के तार की चपेट में आने से 11 वर्षीय छात्र की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**शिकारपुर।** खेत की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से लगाए गए झटका मशीन (Electric Fence युक्त बिजली के तार की चपेट में आने से एक 11 वर्षीय छात्र की मौत का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यह घटना शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर कटोरा गांव में हुई, जहाँ 5वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। प्राप्त जानकारीके अनुसार चिराग शर्मा,11 वर्षीय पुत्र रिंकू शर्मा निवासी जलालपुर कटोरा स्कूल जाने के लिए बुधवार को वह घर के पीछे ट्यूबवेल पर नहाकर लौट रहा था। पैर फिसलने से वह पास के ही खेत में लगी अवैध झटका मशीन के नग्न तारों में फंस गया और हाई-वोल्टेज करंट लगने से छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



मृतक के पिता रिंकू शर्मा ने बताया कि वह आर.एस. मेमोरियल ओलंपियन पब्लिक स्कूल की कक्षा 5 का छात्र है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267